हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 09.0 डिग्री

14 जिले में 2.34 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी, 498 करोड़ किसानों को ट्रांसफर



15 निगम परिसर में शासकीय योजनाओं का शिविर लगा





## खबर संक्षेप

### ग्रामीण एएसपी चंद्रा और डीएसपी क्राइम होंगे दिलीप





**भिलाई।** गृह विभाग ने देर रात तबादला आदेश जारी किया। जिसमें ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा बस्तर, क्राइम डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो सीएसपी राजनांदगांव, छावनी सीएसपी प्रशांत कुमार सिंह पैकरा और धमतरी एएसपी मणीशंकर चंद्रा को ग्रामीण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब हो कि गृह विभाग जल्द एक और जंबो ट्रांसफर लिस्ट पुलिस विभाग जारी जल्द करेगी। जिसमें एएसपी, डीएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों का नाम होगा। उक्त लिस्ट का लंबे समय से इंतजार चल रहा था।

### मकान से 80 हजार का सामान पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** उपचार कराने अस्पताल गए परिजनों के मकान का ताला टूटा। अज्ञात ने मकान से नगदी सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 40 दुर्गा मंदिर शंकर नगर छावनी बस्ती निवासी पुरेन्द्र कुमार साहू क्रेन आपरेटर का काम करता है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत उपचार काराने एम्स अस्पताल रायपुर गया था। पडोसीयो ने मकान में चोरी होने की सूचना देने पर मकान में वापस लौटे तो गेट का ताला टुटा पड़ा मिला। मकान से सोना चांदी के जेवरता नगदी 20 हजरा रुपए, एक्टीवा सीजी 07 सीजी 6923 का आरसी बुक समेत जरुरी दस्वेज गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि डिलवरी कोरियर ऑफिसर विशाल टोप्पो का भाई विकास छगआई अस्पताल रायपुर में गार्ड का काम करता था। रोज की तरह अपनी बाइक सीजी 07 बीएल 9430 में काम पर गया था। घर वापस लौटते समय दुर्गा नगर आ रहा था। तभी खुडमुडा रोड के पास अज्ञात ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में विकास टोप्पों के सिर, दोनों हाथ, पैर में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए उसे अस्पताल पाटन पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर चेक करने पर विकास को मृत घोषित कर दिया।

### शादी समारोह में बड़े भाई को मारा चाकू, गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी समारोह में दो भाईयों के बीच जमकर विवाद हुआ। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि 22 दिसंबर को छावनी के कैंप-2 के मोची मोहल्ले में मामूली विवाद के कारण छोटे भाई अजय कोलते ने नशे की हालत में अपने बड़े भाई विजय कोलते को समारोह के बीच में चाकू से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिससे बड़ा भाई मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। घटना में चाकू के वार से विजय के पेट से आंतें बाहर आ गई थीं, जिसे देख लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है। फिलहाल विजय का उपचार जारी है। शिकायत के बाद पुलिस ने अजय कोलते को हिरासत में लिया। छावनी पुलिस घटना को लेकर जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि आपसी पारिवारिक विवाद और शराब के नशे से जुड़ा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## भिलाई निगम की सामान्य सभा में पेयजल के मुद्दे पर पक्ष व विपक्ष एकजुट

# शहर में पेयजल की बिछी पाइप लाइन की टेक्निकल टीम करेगी जांच, जिस क्षेत्र की पानी टंकी वहीं होगी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम की सामान्य सभा मंगलवार को सभापति गिरवर बंटी साहू की अध्यक्षता, महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव पांडेय की मौजूदगी में हुई। सामान्य सभा में पेयजल संकट के निदान पर पक्ष व विपक्ष के पार्षद एकजुट दिखे। प्रस्ताव क्रमांक एक पर चर्चा हुई। 2.72 एमएलडी फिल्टर प्लांट से क्लीयर वाटर प्रदान करने, संपवेल, पंप हाउस व राईजिंग मेन पाइप लाइन बिछाई जाएगी। वार्ड 25 स्थित जर्जर पानी टंकी को तोड़कर 1 हजार किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण होना है। इस प्रस्ताव पर पार्षदों ने कहा कि पहले पुरानी बिछाई गई पाइप लाइन की टेक्नीकल टीम से जांच करवाई जाए। जिस वार्ड या क्षेत्र की पानी टंकी बनी है वहीं ही पेयजल पहले सप्लाई की जाए।





### पानी टंकी लेकिन नहीं मिलता पेयजल

प्रस्ताव क्रमांक एक भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा सहित कई वार्ड के पार्षदों ने कहा कि वर्तमान हाल यह है कि वार्ड में पानी टंकी है लेकिन वहीं के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पहले इस व्यवस्था को सुधारें। उपनेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड और कैलाश नगर क्षेत्र में पीलिया हर साल फैलता है। इसकी वजह मोरिद जलाशय से आने वाले पानी को ब्लॉक नहीं किया गया है जो बीएसपी क्षेत्र के होकर गुजरा है।

### बड़े शैक्षणिक संस्थानों पर फूटा पार्षदों का गुस्सा

उपनेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी सहित पक्ष-विपक्ष के कई पार्षदों ने शहर के दो बड़े शैक्षणिक संस्थानों पर निगम अफसरों को घेरे में लिया। उनका कहना था कि इन संस्थानों पर निगम का करोड़ों रुपए बकाया है। एक संस्थान तो एक आईडी पर पांच शिक्षण संस्थान चला रहा है और निगम को टैक्स एक का ही दे रहा है। फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही। निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने जवाब में बताया कि कोर्ट में मामला है। कोर्ट ने अपने आदेश में सुनवाई के लिए छह महीने का समय भी दिया है।

### सामुदायिक शौचालयों का मुद्दा गरम

सामान्य सभा के दौरान वार्ड पार्षदों ने सामुदायिक शौचालय निर्माण का मुद्दा रखा। पार्षद प्रदीप सेन ने कहा कि तीन शौचालय बनना था लेकिन ठेकेदार ने केवल एक बनाया और बाकी को शुरू नहीं किया। जिससे लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। आयुक्त पांडेय ने बताया कि सैप्टी टैंक धंस गया था। महापौर नीरज पाल ने आयुक्त से वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही। जिसे सभापति बंटी साहू ने मिनिट्स बुक में दर्ज करवाया।

### केचुए, जोंक निकल रहे है पानी से

पेयजल के मुद्दे पर चर्चा के दौरान वार्ड पार्षद अनिता साहू ने बताया कि उनके वार्ड में पानी की जबर्दस्त समस्या है। जहां पानी आ रहा है वहां नल से केंचुए व जोंक निकल रहे हैं। वार्ड 11 लक्ष्मीनगर वार्ड के पार्षद चंद्रशेखर गंवई ने कहा कि नलों से पानी नहीं आता। पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। कई पार्षदों ने लोगों द्वारा पानी की बर्बादी पर जागरूकता चलाने और जुर्माना लगाने के भी सुझाव दिए।

### बीएसपी को लेना होगा एक्सपॉन्शन के लिए अनुमति

सामान्य सभा में बीएसपी द्वारा सेक्टर एरिया का विस्तारीकरण करने का मुद्दा उठा। पार्षदों ने सवाल किए क्या बीएसपी निगम क्षेत्र में विस्तारीकरण कर रही है तो क्या अनुमति ली गई है। इस पर आयुक्त पांडेय ने जवाब दिया कि अनुमति लेनी चाहिए।

### मूलभूत राशि से सड़क निर्माण पर विरोध

पार्षद नेहा साहू ने वार्ड में मूलभूत राशि से सिवरेज संधारण के बजाय सड़क निर्माण पर विरोध जताया। इस पर संबंधित निगम के अधिकारी ने जवाब दिया कि सड़क पुरानी है। संधारण हो रहा है। नया निर्माण नहीं।

### सत्याग्रह को लेकर दोनों पक्ष भिड़े, आखिर में एकजुटता दिखाई

सामान्य सभा में कांग्रेस के एक पार्षद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के सत्याग्रह संबंधति तख्ती लहराते मिला। जिस पर विपक्षी पार्षदों ने इसे सदन के गरिमा के अनूकुल नहीं बताया। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्ष के पार्षद पहले भिड़ गए बाद में महापौर नीरज पाल, सांसद प्रतिनिधि ,पार्षद महेश वर्मा आदि ने शहर विकास का मामला मानते अपनी राय रखी। एकजुटता दिखाई और समर्थन में बात कही।

### भूखंड की दरों में 20 प्रतिशत की वृद्धि

सामान्य सभा के दौरान रखे गए सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सर्वसहमति से पारित कर दिए गए। पेयजल, निगम के नवीन कार्यालय भवन प्रस्ताव पारित किया गया। विभिन्न योजनाओं में रिक्त आवासीय, व्यवसायिक व सह व्यवसायिक भूखंडों में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ मंजूरी। साडा कार्यकाल के 30 वर्षीय लीज पर आबंटित भूखंडों में भवन निर्माण के लिए छह महीने की मोहलत। खुर्सीपार मिनी स्टेडियम से शराब भट्टी हटाने, शहीद अमित नायक स्मारक को सेक्टर 1 शहीद स्मारक पार्क में स्थानांतरित करने, वार्ड 9 आंबेडकर चौक के सांस्कृतिक मंच का नामकरण डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर करने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू द्वारा सफाई ठेका की निविदा समाप्ति के तीन महीने और समय अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव आया। जिसे भी मंजूरी दी गई।

# होटल क्राउड में पुलिस की दबिश, दो युवतियां और मैनेजर पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



देह व्यापार के अवैध व्यापार और संदिग्ध गतिविधि में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया है। पुलिस ने होटल मैनेजर के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि स्मृतिनगर क्षेत्र में होटल, लॉज, ढाबा की रूटिन चेकिंग की जा रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि जुनवानी रोड भिलाई में स्थित होटल क्राउड में बाहर से पहुंची दो युवतियों को लाकर देह व्यापार कराया जा रहा था। महिला रक्षा टीम प्रभारी उप निरीक्षक नीता राजपूत, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह कुशवाहा, प्रधान आरक्षक धर्मशीला यादव,आरक्षक मोनी रावटे की टीम होटल क्राउड में दबिश देने पहुंची। जहां से गुजरात और उत्तरप्रदेश की महिलाएं होटल में मिली। पहचान पत्र मांगने पर उन्होंने मना कर दिया। काउड होटल मैनेजर ग्राम जगहथा नहर के पास पोस्ट झिला थाना ताला जिला सतना मध्यप्रदेश निवासी प्रदीप मिश्रा के द्वारा रूटिंन चेकिंग का विरोध किया। समझाईश के बाद तैयार न होकर पुलिस पार्टी से वाद-विवाद करने लगा। पुलिस चेकिंग में संदिग्ध महिला फैजाबाद रोड थाना मरिपारी जिला लखनऊ उत्तरप्रदेश निवासी नाजरीन बानो, थाना दमन जिला दमन गुजरात सनम अंसारी को पकड़ा गया। दोनों को कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया।

### फ्लाइट से रायपुर पहुंची थी युवतियां

दोनों युवतियां फ्लाइट से रायपुर पहुंची थी। युवतियां भिलाई पहुंची और होटल क्राउड में रुकी थीं। युवतियां राजनांदगांव जाने की तैयारी में थीं। पुलिस ने होटल में दबिश देकर पकड़ लिया। चेकिंग के समय मैनेजर ने पुलिस टीम से विवाद करना कर पुलिस से हाथापाई और झूमाझटकी करने लगा था। नए साल करीब आते ही होटल में दिगर राज्यों से युवतियां कारोबार के लिए ट्विनसिटी में पहुंच रही है। शहर के होटलों में अवैध कारोबार का मामला नया नहीं रहा है। इसके पहले भी पुलिस ने कई होटलों में दबिश देकर संदिग्धों को पकड़ चुकी है।

# विवाह के नाम पर ठगी, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विवाह का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने विवाह में मध्यस्ता कराने वाले को भी पुलिस ने पकड़ा है।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आरोपी प्लाट नंबर 49, न्यू कैलाश नगर, कुरूद निवासी विजय कुमार पाण्डेय विवाहित होने के बाद भी अविवाहित होने का झांसा देकर महिला से ठगी किया। विवाह के लिए मध्यस्थ कराने वाला वार्ड 5 चिंगरी पारा, सुपेला विद्ववासनी शुक्ला के द्वारा उक्त बातो की जानकारी होते हुए महिला को नौकरी,शादीशुदा,तलाक की बातों को छिपाया गया। जब ससुराल में रहने के दौरान आरोपी के व्यवहार से शारीरिक, मानसिक रूप से प्रताड़ति महसूस करने लगी। तब घटना को लेकर जानकारी हुई और विजय कुमार पाण्डेय के खिलाफ थाने में शिकायत की गई।

आरोपी विजय पाण्डेय को पकड़कर पूछताछ करने पर बताया कि पूर्व विवाह विच्छेद जाने से विवाह नहीं होने के कारण अपनी सारी जानकारी को छिपाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार पाण्डेय से आधार कार्ड, पेन कार्ड,पूर्व विवाह विच्छेद निर्णय आदेश प्रति को जब्त किया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। कार्रवाई में थाना उतई निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## निजीकरण के विरोध में आज युवा कांग्रेसी फूंकेंगे पुतला

# देवेंद्र की तबीयत बिगड़ी, बीपी बढ़कर पहुंचा 160/100, शुगर लेवल डाउन होकर 70

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी के सेक्टर-9 हॉस्पिटल सहित मैत्रीबाग और बीएसपी स्कूलों के निजीकरण और रिटेंशन स्कीम के नए नियम के खिलाफ भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का आमरण अनशन सत्याग्रह सिविक सेंटर चौक पार्किंग मैदान में आज मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। आंदोलन को कई संगठनों, यूनियनों और विधायकों सहित कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया। पूर्व मंत्री रुद्र गुरु, सत्यनारायण शर्मा, बदरुद्दीन कुरैशी,पूर्व विधायक विधायक अरुण वोरा,कविता प्राण लहरें, शैलेश नितिन त्रिवेदी जयुवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा समेत अनेक लोग अनशन स्थल पर पहुंच तत्काल मांगों को पूर्ण करने पर जोर दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने ऐलान किया कि मांग पूरी नहीं होने पर बुधवार को प्रदेशभर में पीएम मोद, सीएम विष्णुदेव साय और सेल प्रबंधन के पुतले जलाए जाने का ऐलान किया गया। वहीं सुपेला शासकीय शासकीय चिकित्सकों के प्रभारी चिकित्सक डां. पीयम सिंह के साथ पहुंची डाक्टरों की टीम ने विधायक देवेंद्र के स्वास्थ्य का परीक्षण किया, जिसमें स्वास्थ्य में गिरावट बताई गई। उनका बीबी बढ़ गया है और शुगर कम हो गया है। यूरिन में कीटोन्स बढ़ने की की बात डाक्टरों ने कही है। श्री यादव के बड़े भाई धर्मेंद्र यादव व पत्नी सहति परिजनों ने चिंता जताई है। अनशनरत विधायक यादव ने कहा कि मिनी इंडिया भिलाई को बिकने नहीं देंगे। बीएसपी प्रबंधन व प्रशासन को जनहित की मांगों पर चर्चा करना चाहि। बिना चर्चा किए लिए गए निर्णय तानाशाही के प्रतीक होते हैं। यादव आज भी बीएसपी डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्रा से चर्चा करना चाह रहे है कि सार्थक चर्चा हो जाए कि और जेएलएन अस्पताल, मैत्रीबाग व स्कूल का निजीकरण बंद हो, रिटेंशन का नया नियम वापस हो, बीएसपी कार्मिकों को मिनिमन वैजेसे मिले, हाउस आल स्कीम लागू हो और भिलाई की बसावट बच जाए। देर रात डॉक्टरों की टीम ने अनशन स्थल पर बैठे विधायक देवेंद्र की स्वास्थ्य जांच की। जिसमें उनका बीपी बढ़कर 160/100 और शुगर लेवल 70 दर्ज किया गया।

### जेएलएन, मैत्रीबाग व स्कूलों का न हो निजीकरण

सत्याग्रह स्थल पर विधायक यादव को विभिन्न संगठनों, यूनियनों व जनप्रतिनिधियों आदि का व्यापक समर्थन मिल रहा है। भोजपुरी परिषद के प्रभुनाथ बैठा व छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के चेयरमैन जसबीर सिंह चहल भी अपने सिख समाज के लोगों के साथ समर्थन दिया। कहा कि सेक्टर 9 अस्पताल,मैत्रीबाग,स्कूलों का निजीकरण नहीं होना चाहिए।इस सत्याग्रह में सिख समाज देवेंद्र यादव के साथ खड़ा है ।भोजपुरी समाज के प्रभुनाथ बैठा ने भी समर्थन दिया कहा कि बीएसपी को बचाने की जरुरत है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने धरने के संबोधित करते हुए कहा कि भिलाई स्टील प्लांट को बचाने की लड़ाई का दायरा छत्तीसगढ़ में फैलत जा रहा है। विधायक देवेंद्र यादव के समर्थन में छग यूथ कांग्रेस भी मैदान में उतर चुकी है। 24 दिसंबर को पूरे प्रदेश में पीएम व सीएम तथा बीएसपी प्रबंधन का पुतला दहन किया जाएगा। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने भी प्रदर्शन करेंगे।

### प्रबंधन की हठधर्मिता से सबको होगा नुकसान

पूर्व मंत्री ने सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि जो लोग भिलाई के लिए अनशन पर बैठे है भिलाई के लिए इसकी बसाहट के लिए आंदोलन के कर रहे है उनसे चर्चा करने के लिए आगे तो आना चाहिए लेकिन उनकी हठधर्मिता उनकी सोच को दर्शाती है कि वो किस तरीके से सरकार के दबाव में है । गुरु रुद्र ने कहा कि भिलाईवासियों को मै भरोसा दिलाता हूं कि हम भिलाई बिकने नहीं देंगे । धरना स्थल पर बिलाईगड़ विधायक कमला लहरे,पूर्व राज्यमंत्री बीड़ी कुरैशी,कांग्रेस के प्रवक्ता शैलेश नितिन त्रिवेद्वी, सतनाम सिंह, पूर्व महापौर आरएन वर्मा आदि मौजूद थे।

### पटवारी के मकान से लाखों के जेवरात पार

**भिलाई।** पटवारी के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने लाखों रुपए के सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया हगै। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 30 सड़क 9 सरस्वती कुंज निवासी हेमंत कुमार राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर गुण्डरदेही में कार्यरत है। मकान में ताला जड़कर 21 दिसंबर को पैतृक ग्राम खम्हारटोला दल्ली राजहरा और पत्नि सोनम मायके धनोरा गई थी। दूसरे दिन सुबह मकान में लौटने पर देखा गया सामने गेट का ताला लगा हुआ था। भीतर मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पडा मिला। अज्ञात ने मकान ताला तोड़कर आलमारी से सोना चांदी के जेवरता गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर सामान की कोई जानकारी नहीं हो पाई। चोरी हुए सामानों की कीमत 2.20 लाख रुपए आंकी गई है।

### नकदी व जेवरात गायब

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि सीमा वासनिक मजदूरी करती है। परिवार समेत 20 दिसंबर को अपने दीदी के गांव डौडी लोहारा गई थी। लौटने पर पता चला की घर में चोरी हो गई।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



## वीआईपी पास वाले वाहन चालक अपने चोपड़ा पेट्रोल पम्प से प्रवेश

# दिव्य हनुमंत कथा के लिए ट्रैफिक पुलिस का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिव्य हनुमंत कथावाचक पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का आयोजन 25 दिसंबर से जयंती स्टेडियम भिलाई में होगा।इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने वाहन हेलीपेड ग्राउंड, पुलिस पेट्रोल पम्प के सामने से प्रवेश कर कला मंदिर एवं कला मंदिर के सामने पार्किंग कर पाएगें। ऑटो चालक, बस चालक श्रद्धालूगण को



पार्किंग स्थल चोपड़ा पुलिस पेट्रोल के पीछे पार्किंग सेक्टर 7 स्कूल पार्किंग में उतारेग, उतई तिराहा से जवाहर उद्यान चौक तक सभी प्रकार के वाहन प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जयंती स्टेडियम कटिंग (फारेस्ट एवेन्यू मार्ग ) से कार्यक्रम स्थलतक पैदल आना जाना प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं से अपील है कि असुविधा से बचने के लिए कथा स्थल जयंती स्टेडियम आने-जाने के लिए जयंती स्टेडियम भिलाई जिला दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य हनुमंत कथा आयोजन होना प्रस्तावित है।

### ऐसी है कथा के लिए पार्किंग व्यवस्था

रायपुर, चरोदा, भिलाई तीन की ओर से आने वाले वाहन चालक कुम्हारी पावर हाउस चौक पावर हाउस अण्डर ब्रिज मूर्गा चौक सेक्टर 6 पुलिस ग्राउण्ड (पार्किंग) भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल ), बेमेतरा, धमधा दुर्ग की ओर से आने वाले वाहन धमधा धमधा नाका ओवर ब्रिज ग्रीन चौक राजेन्द्र पार्क वायशेप ब्रिज सेक्टर 9 चौक सेक्टर 7 स्कूल ग्राउंड पार्किंग, सेक्टर 10 गणेश पंडाल कथा स्थल (पैदल ) राजनांदगांव, बालोद, की ओर से आने वाले वाहन राजनांदगांव बालोद पुलगांव चौक जेल तिराहा डीपीएस चौक भिलाई निवास कटिंग पोलो ग्राउंड पार्किंग कथा स्थल (पैदल ) धमतरी, पाटन की ओर से आने वाले वाहन धमतरी पाटन उतई उतई तिराहा डीपीएस चौक भिलाई निवास कटिंग पोलो ग्राउण्ड (पार्किंग ) कथा स्थल (पैदल ) आ सकेगें। वाहन डायवर्सन पॉइंट उतई तिराहा पंथी चौक 7/8 चौक 2.5 मिलियन चौक मुर्गा चौक है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# एसआईआर का काम पूरा, अब 22 जनवरी तक ली जाएगी दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अर्हता का पहला चरण पूरा क लिया गया है। मतदाताओं से फॉर्म भरवाए गए हैं। इसके साथ ही मंगलवार को नई मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया। अब अगले एक महीने यानी 22 जनवरी तक दावा आपत्ति बुलाई गई है। इसके बाद नोटिस और अन्य प्रक्रिया के बाद 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस जानकारी को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक पंजीकरण से न छूटे। किसी भी अवैध व्यक्ति का नाम सूची में न रहे। इस अभियान के तहत विशेष रूप से मृत और अन्यत्र चले गए व्यक्तियों के नाम फॉर्म-7 के माध्यम से हटाए जा रहे हैं, जबकि नए मतदाताओं के नाम फॉर्म-6 के जरिए जोड़े जा रहे हैं। इसके साथ ही मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 के उपयोग का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2003 में निर्वाचक नामावलियों का ऐसा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्य 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है, जो 21 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को होगा

### जिले में युवा मतदाताओं की संख्या 8255

अधिकारियों ने बताया किआयु वर्ग के आधार पर मतदाताओं के विश्लेषण से पता चलता है कि 18-19 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 8,255 है। इसके अतिरिक्त 20-29 आयु वर्ग में 2,42,340, 30-39 आयु वर्ग में 3,50,953, 40-49 आयु वर्ग में 2,53,983, 50-59 आयु वर्ग में 1,92,001, 60-69 आयु वर्ग में 1,02,523, 70-79 आयु वर्ग में 43,100 और 80 वर्ष से अधिक आयु के 10,289 मतदाता जिले में मौजूद हैं।



**एसआईआर के बात 1.66 मतदाता ऐसे जो दूसरी जगह शिफ्ट :** पुनरीक्षण के बाद मैप्ड कैटेगरी (ए) में 5,04,059 मतदाता, मैप्ड कैटेगरी (बी) में 6,58,446 मतदाता तथा नो मैपिंग कैटेगरी में 14,015 मतदाता शामिल हैं। विभिन्न कारणों से 2,48,803 फॉर्म अन-कलेक्टेबल श्रेणी में रहे। इनमें 41,431 मृत व्यक्ति, 30,255 अप्राप्य या अनुपस्थित व्यक्ति और 1,66,458 ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो गए हैं। वहीं 9437 मतदाता पहले ही एनरोल्ड है तथा 1222 अन्य कैटेगरी में शामिल है।

### जिले में मतदाताओं और केंद्रों की स्थिति

जिले में 6 पूर्ण विधानसभा और 2 आंशिक विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। पाटन में 278, दुर्ग ग्रामीण में 263, दुर्ग शहर में 275, भिलाई नगर में 192, वैशाली नगर में 293, अहिवारा में 305, साजा आंशिक में 112, बेमेतरा आंशिक में 24 मतदान केंद्र हैं। इस प्रकार जिले में अब मतदान केंद्रों की संख्या 1520 से बढ़कर 1742 हो गई है। 22 दिसंबर 2025 की स्थिति पाटन में 1,01,043 पुरुष, 1,01,792 महिला और 1 अन्य मतदाता है। दुर्ग ग्रामीण में 94,617 पुरुष, 95,115 महिला और 6 अन्य, दुर्ग शहर में 92,259 पुरुष, 96,478 महिला और 17 अन्य, भिलाई नगर में 60,729 पुरुष, 60,315 महिला और 3 अन्य, वैशाली नगर में 1,00,617 पुरुष, 1,00,256 महिला और 9 अन्य, अहिवारा में 99,951 पुरुष, 1,00,936 महिला और 4 अन्य मतदाता हैं। साजा में 41,851 पुरुष, 40,662 महिला और 2 अन्य, बेमेतरा में 8,534 पुरुष, 8,247 महिला के साथ कुल 16,781 मतदाता हैं। जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 5,99,601 पुरुष, 6,03,801 महिला और 42 अन्य श्रेणी के साथ 12,03,444 है।

## खबर संक्षेप



### आरटीई में बदलाव के खिलाफ आप का विरोध

**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी और सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई के सदस्यों ने जिलाधीश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत नर्सरी से केजी-2 तक गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित किए जाने और अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने के फैसले पर आपत्ति दर्ज कराई गई। आप नेता मेहरबान सिंह ने बताया कि वर्ष 2013 में स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदेश जारी कर निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें नर्सरी से ही आरक्षित की गई थीं। इस व्यवस्था के तहत बच्चे नर्सरी से लेकर 12वीं तक निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते थे। इससे बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत होती थी और अभिभावकों को यह भरोसा रहता था कि उनके बच्चों की पढ़ाई पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन ने निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों में बदलाव करते हुए नर्सरी से प्रवेश की व्यवस्था समाप्त कर दी है और अब कक्षा पहली से ही आरटीई के तहत प्रवेश का आदेश जारी किया गया है।

### परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 31 जोन-2 सुभाष मार्केट खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग निवासी बालक डी कैलाश 14 वर्ष की विगत 15 मार्च 2024 को नहाते वक्त तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम पोटिया तहसील बोरी जिला दुर्ग की गंगा बाई साहू की विगत 05 जुलाई 2024 को जहरीले सांप के काटने से एवं ग्राम झीट तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी कमला बाई की विगत 4 अक्टूबर 2022 को कुएं में गिर कर डूब जाने से मृत्यु हुई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व डी कैलाश के पिता दिनेश, स्व गंगा बाई के पुत्र गजेन्द्र साहू और स्व कमला बाई के पुत्र को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## शौचालय जर्जर, दशहरा मैदान और तालाब बना नशेड़ियों का अड्डा

# रामनगर मुक्तिधाम वार्ड की बदहाली पर वार्डवासियों का आक्रोश, नहीं हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

### निकासी नहीं होने से शौचालयों में जमा गंदा पानी, उठ रही बदबू

वार्ड परिक्रमा

भिलाई नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 (रामनगर मुक्तिधाम) में लोग बुनियादी सुविधाओं को लेकर तरस रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनके वार्ड पर ध्यान नहीं दे रहा है। यहां के निवासियों ने समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां असामाजिक गतिविधियों के कारण आम लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों में डर का माहौल बना हुआ है।

जब हरिभूमि की टीम मुक्तिधाम के बाजू की गली में सामुदायिक भवन के पास पहुंची तो देखा कि सार्वजनिक शौचालय लंबे समय से जर्जर हालत में है। दीवारें और छत कमजोर होकर टूट रहे हैं। बावजूद इसके लोग मजबूरी में इसका उपयोग कर रहे हैं। नागरिकों ने किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका जताई है। लोगों की शिकायत के बाद भी निगम ने उसकी मरम्मत की सुध नहीं ली है।

शाम होते ही दशहरा मैदान में अड्डेबाजी करने वाले नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, खुलेआम शराब और अन्य नशे किए जाते हैं, जिससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है। महिलाएं और बच्चे शाम के समय मैदान या आसपास से गुजरने में खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। वार्डवासियों ने मैदान में नियमित निगरानी और पुलिस पेट्रोलिंग की मांग की है।







### मुक्तिधाम तालाब की स्थिति चिंताजनक

मुक्तिधाम तालाब की स्थिति भी चिंताजनक है। लोगों ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर पहले महापौर और आयुक्त सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया था, लेकिन उसके बाद कोई ठोस काम शुरू नहीं हुआ। सड़क निर्माण के कारण तालाब दो हिस्सों में बंट गया है। एक हिस्से में तो कभी-कभार साफ-सफाई हो जाती है, लेकिन दूसरा हिस्सा पूरी तरह उपेक्षित है। वहां गंदगी फैली हुई है और चारों ओर डिस्पोजल गिलास व कचरा बिखरा रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तालाब किनारे भी शाम होते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे वातावरण दूषित हो रहा है। लोगों ने निगम प्रशासन से तालाब के दोनों हिस्सों की नियमित सफाई, सौंदर्यीकरण, रोशनी की व्यवस्था और असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### खबर छपने के बाद राजीव नगर में नालियों की सफाई



मंगलवार को राजीव नगर वार्ड 19 की साफ सफाई को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशन के बाद जोन-2 निगम के सफाई कर्मियों द्वारा नालियों की साफ सफाई की गई। नाली सफाई के बाद वार्डवासियों ने हरिभूमि और वार्ड पार्षद का आभार जताया।



### जर्जर सार्वजनिक शौचालय बना खतरा

साहिल कुमार सहित स्थानीय नागरिकों ने सार्वजनिक शौचालय की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह शौचालय लंबे समय से जर्जर अवस्था में है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नगर निगम इसका संधारण नहीं कर रहा है। साफ-सफाई की भी व्यवस्था नहीं है। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि शौचालय के संधारण और सफाई को लेकर कई बार नगर निगम जोन-2 कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक शौचालय की तत्काल मरम्मत कराई जाए और नियमित सफाई की जाए।

# जिले में 2.34 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी, 498 करोड़ किसानों को ट्रांसफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

राज्य सरकार की सुचारू, पारदर्शी और किसान हितैषी नीति के कारण जिले में धान खरीदी में तेजी आ रही है। धान खरीदी को आसान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की निर्णायक कदम से धान विक्रय की प्रक्रिया सरल हुई है। जिसके तहत अब दिन-रात कभी भी मोबाईल एप तुंहर टोकन के माध्यम से किसानों को धान बेचने के लिए टोकन मिलने लगा है।

- धान बेचने के बाद 21867 किसानों ने किया 408 हे. रकबा का समर्पण

किसानों के लिए यह बड़ी सहुलियत है कि उनके लिए तुंहर टोकन एप अब 24 घंटे उपलब्ध है। अब मोबाईल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नही है। धान बेचने के बाद त्वरित भुगतान का किसानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सरकार की व्यवस्था से प्रभावित होकर किसान अपनी उपज बेचने टोकन प्राप्त निर्धारित तिथि अनुसार पहुंच रहे हैं। जिले में अब तक 55,602.48 लाख यानी 556 करोड़ रुपए की लागत से 2,34,535.68 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। समय पर भुगतान राशि मिलने पर 44422 किसान लाभान्वित हुए हैं। उपार्जन केन्द्रों से धान की उठाव भी तेजी से होने लगी है। जिससे अब दूसरे किसानों को धान बेचने का अवसर मिला है। उठाव हेतु 58,570.60 मीट्रिक टन धान का डीओ, टीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 41,324.00 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था में किसान भी सहभागी बनते हुए धान बेचने के पश्चात रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। जिससे बिचौलियों को अपनी धान खपाने का अवसर नहीं मिला है। जिले में अब तक धान बेच चुके 21867 लघु कृषकों ने 408.98 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 38,38,788 बारदाने उपलब्ध है।

# विकास कार्यों का मंत्री गजेन्द्र ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

वार्ड 4 गया नगर में लगभग 2 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सर्वसुविधा युक्त मांगलिक भवन निर्माण वार्ड 59 हरिनगर में सीमेंटीकरण सड़क कार्य का केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। निर्माण संबंधी सभी पहलुओं की जानकारी लेकर गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड के नागरिकों से चर्चा कर वार्ड को विकसित बनाने चर्चा किये।

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति जानने केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ स्थल निरिक्षण किये। हरिनगर में सीमेंटीकरण कार्य को देखने पहुंचे, वहां स्थानीय निवासियों की सालों से लंबित मांग को निर्धारित समय में पूर्ण करने उपस्थित इंजीनियर की टीम को निर्देश दिए और सीसी रोड कार्य को पूर्ण करने निर्देश दिए। गयानगर में 12 हजार वर्ग फीट से अधिक स्थान पर बन रहे मांगलिक भवन को देखने पहुंचे जहां मटेरियल,



ड्राइंग डिज़ाइन सहित निर्माण संबंधी सभी कार्य का इंजीनियर की टीम से बिंदुवार जानकारी ली। इंजीनियर ने बताया की ढलाई का कार्य पूरा हो चुका है प्लास्टर का कार्य जारी है। उन्होंने पार्किंग एरिया को बड़ा रखने, डाइनिंग और किचन एरिया को विशेष ध्यान रखने कहा। निर्माणी एजेंसी को गुणवत्ता के साथ कार्य मे तेजी लाने निर्देश दिए ताकी क्षेत्र के नागरिकों को भवन का लाभ मिल सके। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, पार्षद लीना देवांगन, साजन जोसफ, शिवेंद्र परिहार, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, दिनेश देवांगन, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, ईई आरके जैन उपस्थित रहे।

# सर्वे को लेकर कांग्रेसी पहुंचे पुलिस अधीक्षक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

गाजियाबाद की कंपनी वाट्स इंडिया थिंक्स के 6 कर्मचारियों को कांग्रेस नेताओं ने पकड़ कर पुलिस के हवाले

- सर्वे एजेंसी के फाउंडर मालिक के विरुद्ध अपराध दर्ज कराने पहुंचे कांग्रेसी

कर दिया था। सभी लोग पूर्व सीएम भूपेश बघेल की गिरफ्तारी को लेकर पब्लिक से सवाल कर रहे थे। वाट्स इंडिया थिंग्स की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा था कि भूपेश की गिरफ्तारी होनी चाहिए या नहीं। इसके अलावा भी कई सवाल किये जा रहे थे। इस मामले को लेकर कांग्रेसियों ने जमकर



भट्ठी थाना भिलाई में हंगामा किया था।

शराब घोटाला केस में भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल से जुड़े सवालों को लेकर कांग्रेसियों द्वारा लगातार आपत्ति जताया जा रहा है। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल व मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक दुर्ग से मुलाकात कर वाट्स इंडिया थिंक्स कंपनी के फाउंडर मालिक सहित जिम्मेदारों पर अपराध दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। गौरतलब हो कि की सर्वे टीम आकर सर्वे कर रही थी। सर्वे फॉर्म में 24 प्रश्न पूछे जा रहे हैं। वर्तमान सरकार की योजनाओं के अलावा पूर्व सरकार के शराब घोटाले, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को जेल भेजने के संबंध में सवाल किये गए। सवाल किया जा रहा था कि शराब घोटाले में क्या पूर्व सीएम को भी जेल जाना चाहिए। सर्वे करने वाले लोगों को हिरासत में लिया जाना चाहिए। इन्हीं सवालों पर कांग्रेसीयो ने आपत्ति दर्ज करवाते हुवे सर्वे एजेंसी के फाउंडर मालिक के विरुद्ध अपराध दर्ज करवा जल्द गिरफ्तारी का मांग किया। इस अवसर पर राजेन्द्र साहू, क्षितिज चंद्राकर, हरीश ठाकुर, जयंत देशमुख, धर्मेंद्र साहू, सुशील भारध्वाज, भोला महोबिया, महीप सिंह भुवाल, गुरदीप भाटिया, संजय कोहली, कौशल किशोर सिंह, मोहित वालदे, आयुष शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

## विसंगति : महापौर परिषद की बैठक में उठा मामला, संशोधित प्रस्ताव को मंजूरी

# वार्ड-18 में पेवर ब्लॉक लगाने का प्रपोजल भेजा, मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में कार्यों को लेकर एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। वार्ड-18 जवाहर नगर के मुख्य गेट से अंतिम छोर मोड़ तक पेवर ब्लॉक बिछाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। प्रस्ताव की स्वीकृति वार्ड-19 के लिए जारी हो गई। इस त्रुटि के बाद मेयर इन काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव को दोबारा लाया गया। संशोधन कर पुनः शासन को भेजा गया। इधर स्वीकृति से पहले ही निगम ने निविदा प्रक्रिया कर कार्य आदेश जारी कर काम भी शुरू करा दिया। महापौर परिषद की बैठक में इस विषय को रखा गया। संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार ने सभी पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच करने के सख्त निर्देश दिए। त्रुटिवश वार्ड 19 जवाहर नगर में नाला तक किए जा रहे पेवर ब्लॉक कार्य को वार्ड 18 में स्थानांतरित कर कार्य कराने की स्वीकृति दी गई।



### भूमि आवंटन और विज्ञापन शुल्क में वृद्धि का प्रस्ताव पारित

निगम की रिक्त भूमि के अस्थायी व्यावसायिक आबंटन हेतु मासिक दर 15 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये प्रति वर्गफुट की गई। निजी भवनों, सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर एलईडी विज्ञापन डिस्प्ले बोर्ड लगाने का शुल्क 825 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति वर्गफुट वार्षिक किया गया। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, शिव नायक, मनीष साहू, लीलाधर पाल, शशि साहू, नीलेश अग्रवाल, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, अभियंता अधिकारी विनीता वर्मा, प्रकाशचंद थावनी, आर.के. जैन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उतई टेम्पो स्टैंड पहचाना जाएगा स्व. हेमचंद यादव चौक नाम से

बैठक में मेधगंगा ग्रुप द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए उताई टेम्पो स्टैंड एवं सौंदर्यीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। इस चौक को डायनासोर चौक के नाम से भी जाना जाता है। नाम बदलकर स्व. हेमचंद यादव चौक किया जाना तय किया गया, जहां 12 फीट ऊँची प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा।प्रतिमा निर्माण, सौंदर्यीकरण एवं रख-रखाव की पूरी जिम्मेदारी मेधगंगा ग्रुप की रहेगी। बैठक में अधोसंरचना मद अंतर्गत सिकोला भाठा नाला निर्माण कार्य,कामकाजी महिला छात्रावास के रिनोवेशन कार्य को स्वीकृति,न्यू आदर्श नगर के पेवर ब्लॉक कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 52 शीतला मंदिर के पास, मयूरी हाइट्स व फॉर्च्यून टॉवर के समीप बोरसी क्षेत्र में कार्य कराने की मंजूरी दी गई।

### मचांदुर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

भारत सरकार के सुशासन सप्ताह गुड गवर्नेंस वीक के अवसर पर दुर्ग जिले में जारी राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर के तहत 24 दिसंबर 2025 को विकासखंड दुर्ग के ग्राम मंचादुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर ग्राम मंचादुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

**PUBLIC NOTICE**

I, M.Geeta, wife of M Gagana Rao, resident of Bunglow No 06 Phase 1 Siddharth Town, Near Housing Board Colony, Umda Road, Bhilai-3 Chhattisgarh 490024, have changed my name from Maddu Geeta /Maddu Geetha / M Geeta Rao / Geeta Rao/M.Geeta w/o Maddu Gagana to M Geeta w/o M Gagana Rao and shall henceforth be known as M Geeta w/o M Gagana Rao.

Certified that I have complied with other legal requirements in connection with this name change.

M.Geeta

## खबर संक्षेप



### मिडिल स्कूल को मिला सीसीटीवी कैमरा

**सेलूद।** संचेती फाउंडेशन एवं एसएमएस लिमिटेड कंपनी द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय सेलूद को चार कैमरा सहित डीवीआर, हार्ड डिस्क एवं केबल प्रदान किया गया है। एसएमएस लिमिटेड एवं संचेती फाउंडेशन सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए स्कूलों के बच्चों के लिए विविध उपयोगी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। मौके पर मैनेजर डी विश्वनाथन, आसिफ मुजावर व अन्य मौजूद थे।

### पडी पूजा का आयोजन आज

**भिलाई।** मां मंकीनम्मा देवधाम समिति जवाहर नगर 25 द्वारा अय्यप्पा स्वामी पडी पूजा का आयोजन 24 दिसंबर को शाम 6 बजे से किया गया है। विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश के साईंराज तंबाला अपनी साथियों के पूजा संपन्न कराएंगे।

## निधन

### डीएल टांक



**भिलाई।** सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी शिक्षक नगर नूतन चौक भिलाई-3 निवासी डीएल टांक 78 वर्ष का 23 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से निकलेगी। अंतिम संस्कार एकता नगर नूतन चौक मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे लीना, रश्मि व प्रीतेश टांक के पिता और भाजपा नेता गोपाल महतो के ससुर थे।

## जरवाय में विधायक निधि से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन

# डबल इंजन की सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा : विधायक बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**सरपंच, किसान, मजदूर, युवा सहित सभी वर्ग त्रस्त एवं हताश**



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम पंचायत जरवाय में विधायक निधि से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की साय सरकार को जमकर लताड़ते हुए कहा कि सब आय बाय चल रहा है। आज पूरे प्रदेश में सब सरपंच,किसान,मजदूर,युवा सहित सभी वर्ग त्रस्त एवं हताश हो चुके है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हमारी सरकार ने लगातार सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया था। हमने इस गांव का रकबा ज्यादा होने से सेवा सहकारी समिति का उपकेंद्र बनाया है।सरपंच को एक साल से ना तो 15वे वित्त,मूलभूत,मनरेगा तथा अन्य विकासकार्यों के लिए पैसों के लिए मोहताज हो चुके है। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की।

विकासकार्यो में सी.सी.रोड निर्माण शमशान घाट पहुँच मार्ग(लागत-5.20 लाख),पंचायत भवन के पास सी सी रोड 2.60लाख का भूमिपूजन संपन्न हुआ।स्वागत भाषण सरपंच यशवंत साहू ने की उन्होंने ने पिछले सरकार भूपेश सरकार की जमकर तारीफ की कौही लिप्ट इरीगेशन योजना को तांदुला नहर से सिचाई के पानी मिलने पर धन्यवाद दी। विशेष अतिथि अशोक साहू (पूर्व उपाध्यक्ष,जिला पंचायत दुर्ग), दिनेश साहू (जनपद सदस्य, पाटन),रश्मि भेदप्रकाश वर्मा (जनपद सदस्य पाटन),सोहन जोशी (जोन प्रभारी), अजय तिवारी (पूर्व जनपद अध्यक्ष),डा डी आर शर्मा,डॉ ईश्वर निषाद (सरपंच केसरा),शिव साहू (पूर्व सरपंच जरवाय) और हिरौंदी ठाकुर (पूर्व सरपंच जरवाय) मंचासीन रहे।

इस दौरान रविशंकर पाटिल उपसरपंच, भीखम पटेल, सोमनाथ साहू, उमाशंकर निर्मल, शिव वर्मा, आशीष साहू, ढाल सिह धनकर, भीषम पाल, रीना पाल, लक्ष्मी ठाकुर.लक्ष्मी पाल, राधिका भारती, दशोदा चतुर्वेदी, भागवत साहू, यमुना निर्मल, राधिका पाटिल, अनुज देशलहरे धरमिन भारती, नंदकुमार निर्मल, दिनदयाल पटेल, दीनबंधू यादव सचिव, दाऊलाल पाटिल, देवलाल पटेल, बिरेन्द्र पटेल, तेजराम सिन्हा, रमेश निर्मलकर, संतु सिन्हा, श्यामलाल साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर पाटन क्षेत्र के इन गांवों में विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए स्वीकृत

सेलुद-पाटन विधायक पाटन और पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल के अनुमोदन के बाद पाटन विधानसभा के विभिन्न गांवों में निर्माण कार्य के लिए 50 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से की गई है। जिला-दुर्ग के लिए स्वीकृत कार्यों इस प्रकार है। सीसी रोड निर्माण वार्ड 14 में, ग्राम कुरूदडीह, ग्राम पंचायत खम्हरिया कु. राशि 5.20 लाख, नाली निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 14 में, ग्राम कुरूदडीह, ग्राम पंचायत खम्हरिया कु राशि 3.94 लाख, कलामंच निर्माण, स्कूल पारा में, ग्राम पंचायत बैलोढ़ी, राशि 6.50 लाख, नाली निर्माण, ग्राम पंचायत खम्हरिया कु. राशि 3.94 लाख, ।सीसी रोड निर्माण स्कूल के सामने बाजार चौक, ग्राम पंचायत सिपकोन्हा राशि 7.00 लाख, नाली निर्माण वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में, ग्राम पंचायत तुलसी राशन5.91, नाली निर्माण वार्ड क्रमांक 02 में, ग्राम पंचायत रूही राशि 5.91 लाख, सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 12 में, ग्राम पंचायत गोडपेन्ड्री राशि 5.20, कलामंच सह कक्ष निर्माण मुख्य चौक के पास, ग्राम पंचायत डिडगा राशि 5.00, सीसी रोड निर्माण, मनोज कुर्रे के घर से घनश्याम सिन्हा के खेत तक धरसा के पास, ग्राम पंचायत तर्रीघाट राशि 5.20 लाख की स्वीकृति हुई है।

## अंचल की खबरें

### प्रेम व समर्पण सिखाती है शिव विवाह कथा : जयंती



**अंडा।** समस्त ग्रामवासी भरदा के सहयोग से जारी शिव महापुराण कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। कथा वाचिका जयंती द्विवेदी ने कहा कि शिव विवाह की कथा हमें प्रेम, समर्पण, और आत्म-त्याग के महत्व को सिखाती है। यह कथा हमें यह भी याद दिलाती है कि भगवान शिव और पार्वती का विवाह एक आदर्श विवाह है, जो प्रेम, समर्पण, और विश्वास पर आधारित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, सरपंच भरदा सुनिता भारदीय, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, पूर्व सरपंच पोषण लाल ठाकुर,मुकेश भारदीय, निर्मल देशमुख, योगेंद्र भारदीय, डिलेश्वरी देशमुख, चंद्रिका देशमुख, लता देशमुख राजेश यादव नरेंद्र देशमुख, चंद्र कुमार देशमुख पेमीन सेन और बिसाल देशमुख सहित समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।

### नवागांव में क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत



**जामगांव आर।** ग्राम नवागांव नर्सरी मे ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर, वरुणदेव नेताम सरपंच टेमरी, जेठूराम निषाद सरपंच प्रतिनिधि किकीरमेटा, युवराज साहू, तुशांत टंडन मंचसीन रहे। आयोजन में सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। शुभारंभ अवसर पर- तामेश्वर साहू, अजय बंजारे, संजू कुमार, सत्येंद्र डहरे, कुलदीप साहू, कमलेश साहू, तरुण बंजारे, रुपेश साहू, रामजी नेताम, कमलेश सोनवानी, लोकेश साहू, गीतेन्द्र साहू, विनोद साहू, ओमप्रकाश साहू, भीमसेन, योगेश साहू, नीलेश साहू, खिलेश गंजीर, गुलशन यादव, अभिषेक सेन, कयूम खान खिलाड़ी सहित ग्रामीण युवा उपस्थित रहे।

### आज छत्तीसगढ़ बंद का किया आह्वान

**कुम्हारी।** आदिवासी क्षेत्र कांकेर सहित पूरे प्रदेश में धर्मांतरण रोकने तथा कांकेर में आदिवासियों के साथ की गई मारपीट के विरोध में प्रदेश बंद के आह्वान को देखते हुए कुम्हारी में तैयारी की गई है। यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह सुनील पटेल की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में धर्म जागरण, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा, गायत्री परिवार और हिंदू जागरण मंच सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी संगठनों के सदस्य संयुक्त रूप से रैली निकालकर व्यापारियों से समर्थन मांगेंगे।

### कुथरेल में छात्राओं को मिली साइकिल



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुथरेल में छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोमश चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग के साथ चुम्मन चंद्राकर अध्यक्ष शाला विकास समिति प्राध्यापक गौतम, शिक्षिका दिल्लिवार, ज्योति एवं स्कूली छात्र-छात्र उपस्थित थे।

### परिक्षेत्र स्तरीय राजिम जयंती महोत्सव 8 को देमार में



**सेलूद।** परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा की बैठक रविवार को कर्मा भवन, सेलूद में आयोजित की गई। इस बैठक में परिक्षेत्र के विभिन्न इकाई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और समाज के उत्थान, एकता और आगामी राजिम जयंती महोत्सव के आयोजन पर महत्वपूर्ण चर्चा की। नवनिर्वाचित परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने सभा को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक के दौरान एक प्रमुख मुद्दा अरसनारा परिक्षेत्र में आयोजित होने वाले राजिम जयंती महोत्सव को लेकर चर्चा थी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 8 जनवरी 2026 को परिक्षेत्र स्तरीय राजिम जयंती महोत्सव का आयोजन ग्राम देमार में किया जाएगा। इस महोत्सव में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे और उन्हें समाज के ऐतिहासिक महत्व, संस्कृति, और परंपराओं से अवगत कराया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### दुर्ग बना स्वदेशीमय : स्वदेशी संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत



**दुर्ग।** कैट, दुर्ग, स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'स्वदेशी संकल्प यात्रा' ने दुर्ग नगर को स्वदेशी चेतना, राष्ट्रप्रेम एवं वोकल फॉर लोकल की भावना से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर निकाली गई बाइक रैली के माध्यम से नागरिकों एवं व्यापारियों से स्वदेशी अभियान से जुड़ने की अपील की गई थी, यात्रा को दुर्ग नगर के प्रमुख मार्गों पर अभूतपूर्व जनसमर्थन प्राप्त हुआ। जगह-जगह व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया, जिससे संपूर्ण नगर स्वदेशी उत्साह से गूंज उठा। हर चौक, बाजार एवं व्यापारिक क्षेत्र में 'वोकल फॉर लोकल' और 'सशक्त स्वदेशी' के नारों के साथ लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। गौरवपूर्ण उपस्थिति स्वदेशी संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी, युवा व्यापारी एवं व्यापारी वर्ग की उल्लेखनीय सहभागिता रही। विशिष्ट अतिथिगण श्याम शर्मा, धीरज बाकलीवाल, परमानन्द जैन, विक्रम सिंह देव, जगदीश पटेल, जितेन्द्र डोसी, अजय भसीन, गार्गी शंकर मिश्रा। यात्रा का उद्देश्य : स्वदेशी का संकल्प, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण यह यात्रा वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने हेतु आयोजित की गई। इस अवसर पर यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आज की आवश्यकता है। कैट दुर्ग के प्रमुख पदाधिकारियों में प्रकाश सांखला अध्यक्ष, प्रकाश गोलछा महामंत्री, पवन बडजात्या चेयरमैन, रवि केवलतानी युवा इकाई अध्यक्ष, पायल जैन महिला इकाई अध्यक्ष, गूंजा पींचा, मोहम्मद अली हिरानी एमएसएमई प्रभारी आदि मौजूद थे।

### केडी पब्लिक स्कूल में वार्षिक साइंस एवं मैथमेटिक्स प्रदर्शनी का आयोजन



**दुर्ग।** केडी पब्लिक स्कूल, दुर्ग में वार्षिक साइंस एवं मैथमेटिक्स एग्ज़ीबिशन का सफल एवं भव्य आयोजन शनिवार को किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित रचनात्मक, नवाचारी एवं ज्ञानवर्धक मॉडलों का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, प्रयोगात्मक ज्ञान और प्रस्तुति शैली ने सभी दर्शकों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को विकसित करती हैं। इस सफल आयोजन में विद्यालय के साइंस एवं मैथ्स शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग से विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में निर्णायक दल के रूप में राजेंद्र चंद्राकर व्याख्याता, दीपक ठाकुर व्याख्याता एवं नूतन वर्मा व्याख्याता उच्च शासकीय विद्यालय बोरसी दुर्ग उपस्थित रहे। निर्णायक दल द्वारा विद्यार्थियों के बनाए गए मॉडलों का गहन अवलोकन किया गया तथा उनकी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं प्रस्तुति के आधार पर सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों के कार्य की सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने सराहना की। विद्यालय में आयोजित साइंस एग्जिबिशन में विद्यार्थियों की सुविधा एवं निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु दो ग्रुप बनाए गए थे ग्रुप ए एवं ग्रुप बी।

ग्रुप 'ए' में कक्षा पांचवीं मे सातवी तक के विद्यार्थियों के मॉडलों को शामिल किया गया, जबकि ग्रुप 'बी' में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के मॉडलों का मूल्यांकन किया गया।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को, विद्यालय प्रबंधन की ओर से नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।" विद्यालय के प्राचार्य बिनोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि "ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं।"

विज्ञान प्रदर्शनी के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं नवाचार की भावना को विकसित करती है।

### चैंबर ऑफ़ कॉमर्स इंडस्ट्रियल ने किया फायर सेफ्टी का सम्मान



**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई निजी प्रशिक्षण संस्थान को कार्यक्रम में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स इंडस्ट्रियल इकाई के द्वारा शिक्षक सम्मान स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जो भिलाई सिक्स सेंटर में आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी और शिक्षक तपन कुमार विश्वास ने बताया कि चैंबर ऑफ़ कॉमर्स इंडस्ट्रियल इकाई के द्वारा युवा आत्मनिर्भर कैसे बने व्यापार की शुरुआत कैसे करें वर्तमान का व्यापार का स्वरूप व्यापार में समृद्धि विजन 3.0 के द्वारा अपने स्वरोजगार को कैसे बढ़ा सकते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष भिलाई से ब्रांच प्रदीप पाल एवं उनकी समस्त चेंबर ऑफ़ कॉमर्स टीम के द्वारा आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित चिमनानी वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट रायपुर के द्वारा छात्र-छात्राओं को और व्यापारी संघ को व्यापार से संबंधित बहुत जानकारियां दी गई कि अपने कार्य को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं और व्यापार में कैसे समृद्धि ला सकते हैं और अजय भसीन, गार्गी चंद्र मिश्र ने भी इस कार्यक्रम को बहुत सुंदर सुचारू ढंग से व्यापार संबंधी छात्र-छात्राओं और व्यापारी संघ को भविष्य में बहुत उपयोगी जानकारियां प्राप्त हुई।

## भारत का प्रत्येक व्यक्ति संगठित हो, ताकि देश आने वाली चुनौतियों का सामना कर सके : शिरीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

■ कुम्हारी में विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न



नगर पालिका में सर्व समाज के सहयोग से शनि मंदिर मैदान में दोपहर 11 से 3 बजे तक एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पहन्दा निवासी पंडवानी गायक चेतन राम देवांगन की प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात दो बालिकाओं ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और माँ भारती का रूप धरकर जीवंत झांकी प्रस्तुत की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी द्विवेदी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिले के व्यवस्था प्रमुख विजय आनंद, हिंदू जागरण मंच की महिला प्रमुख श्रीमती दास एवं शिरीष अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमती दास ने भारत की वीरांगनाओं के गौरवशाली इतिहास का विस्तृत वर्णन किया। जिला व्यवस्था प्रमुख विजय आनंद ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर अब तक की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि द्विवेदी ने सम्मेलन में अनेक सारगर्भित एवं तथ्यात्मक जानकारियां साझा कीं। शिरीष अग्रवाल ने सम्मेलन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत का प्रत्येक व्यक्ति संगठित हो ताकि देश आने वाली चुनौतियों का सामना कर सके और पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन हो।

### अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल लोकार्पण कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

नगर पालिका जामुल में 25 दिसम्बर को अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल लोकार्पण किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बख्शी ने लोकार्पण अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### वार्षिक खेल दिवस में खूब खेले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया विकासखंड व जिला दुर्ग में शाला के खेल प्रांगण मे एसएमडीसी के अध्यक्ष आनंद चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य में सत्र 2025 /26 का वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथी ग्राम सरपंच खुमान निषाद थे। प्राचार्य नीलमणि उजवयने ने अध्यक्षता की । खेल शिक्षक सुनील डडसेना ने गोला फेंक कर उद्घाटन किया। इसके खेल सांखली, थ्रोबॉल गोली चम्मच स्लो सायकल रेस लगड़ी रिले रेस तथा पीठ पर कोण रेस आदि खेल कराया गया। इस अवसर पर शाला की वरिष्ट व्याख्यता शीला चंद्रा, रूपमती साहू ,दातेश्वरी सिन्हा, रीना पिलोदिया, वेदिका साहू, सरोज साहू प्रीति सलाम तथा कार्यालय स्टाफ एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शीला चंद्रा एवं सभी खेलो की संचालन विद्यालय के व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार डडसेना ने किया।

## हौसले की उड़ान : लहर को हराकर तैराकी में आगे बढ़ी प्रिंसी बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



अभाव के बीच अगर हौसले मजबूत हों, तो सपने राष्ट्रीय पहचान बना लेते हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है दुर्ग जिले के खेल गांव पुरई की बेटी प्रिंसी बंजारे की, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी लगन, मेहनत और अनुशासन से तैराकी में राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई। डोगीहा तालाब, पुरई से निकलकर प्रिंसी ने न केवल स्कूल और ओपन स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि अब तक 3 बार नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

प्रिंसी की तैराकी यात्रा महज 7 साल की उम्र से शुरू हुई। बीते 4 वर्षों से वे डोगीहा तालाब में कोच ओम कुमार ओझा और निशा ओझा के नेतृत्व में नियमित प्रशिक्षण ले रही हैं। वैशाली प्रतिदिन 5 से 5घंटे कठिन अभ्यास करती हैं। शुरुआत में परिवार और समाज की कुछ आशंकाएँ भी सामने आईं। बेटी होने के कारण तैराकी को लेकर घरवालों को डर था, लेकिन प्रिंसी के अटूट समर्पण और जुनून ने सभी का दिल जीत लिया।

आज परिवार ही नहीं, बल्कि पूरा गांव उनकी ताकत बन चुका है। प्रिंसी के पिता चंद्रशेखर बंजारे और माता शांता बंजारे गर्व के साथ कहते हैं कि शुरू में डरते थे, लेकिन बेटी की मेहनत और जिद देखकर हमने भी हार मान ली। आज हम पूरी तरह उसका साथ दे रहे हैं। सिर्फ अपनी सफलता तक सीमित न रहकर वैशाली अब गांव की बेटियों को भी तैराकी के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके प्रयासों से कई परिवारों की सोच बदली है और बेटियों को खेल के लिए आगे आने का हौसला मिला है। प्रिंसी बंजारे का सपना बहुत बड़ा है भारत के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना। प्रिंसी कहती हैं मैं देश के लिए मेडल जीतकर अपने मम्मी-पापा और अपने कोच का सपना पूरा करूंगी।

### घासीदास जयंती पर मड़ई मेला 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक, वार्ड क्रमांक 12 एवं 13, जिला दुर्ग में परमपूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती पर इस वर्ष 28 दिसम्बर रविवार को गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमनलाल कोसेवाड़ा विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शामिल होंगे।

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, M RAVI S/O M GAGANA RAO, R/o Bunglow No 06 Phase 1 Siddharth Town, Near Housing Board Colony, Umda Road, Bhilai-3 Chhattisgarh 490024 declare that name of my mother has been wrongly written as M GEETA RAO in my CBSE class 10th and 12th educational documents cum certificates respectively. The actual name of my mother is M GEETA, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

M RAVI

# सांसद खेल उत्सव में 4.98 लाख खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन, यह देश में सबसे अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सांसद खेल महोत्सव अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के युवाओं को खेल का बड़ा मंच देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है, जिसमें दुर्ग लोकसभा पूरे देश में शीर्ष स्थान पर रही है।

सांसद विजय बघेल के अनुसार दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कुल 4 लाख 98 हजार 2 युवा खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। यह संख्या पूरे भारत में सबसे अधिक है। प्रतियोगिताएं तीन चरणों में पूरी हो चुकी हैं और अब चौथे व अंतिम चरण, यानी लोकसभा स्तरीय फाइनल में 1569 खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। इन खिलाड़ियों का नेतृत्व उनके-अपने क्षेत्र के विधायक करेंगे। सांसद ने बताया कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए ओलंपिक की तर्ज पर ठहरने, भोजन और आवागमन की पूरी व्यवस्था की गई है। भिलाई के सेक्टर 8, सेक्टर 10, सेक्टर 6, सेक्टर 4, हुडको और अन्य क्षेत्रों के कुल आठ स्कूलों में खिलाड़ियों और सहयोगियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को प्रोटीन युक्त आहार, सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात्रि भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। ठहरने के स्थान से खेल मैदान तक आने-जाने की व्यवस्था भी की गई है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि इस सफलता का मुख्य कारण रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल बनाना रहा। इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया, जिससे खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। पहले चरण में पंचायत और वार्ड स्तर पर 3 लाख 86 हजार 765 खिलाड़ी, दूसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर 1 लाख 6 हजार 720 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन की शुरुआत 298 किलोमीटर लंबी मशाल यात्रा से की गई, जिसमें सभी विधायक और कार्यकर्ता शामिल रहे। यह मशाल यात्रा पूरे देश में अपनी तरह की अनोखी पहल रही। इसके बाद सांसद ट्रॉफी का अनावरण किया गया।

## अंतिम चरण में सांसद खेल महोत्सव का समापन आज



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवा खिलाड़ियों को करेंगे संबोधित

सांसद खेल महोत्सव का समापन 24 दिसंबर को भिलाई सेक्टर-7 मैदान में होगा। 25 दिसंबर सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाइव होकर देशभर के युवा खिलाड़ियों को संबोधित करेंगे। इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी और भारतीय हॉकी टीम की खिलाड़ी एवं डीएसपी सबा अंजुम भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। 25 दिसंबर की शाम रंगारंग समापन समारोह में खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और विजेता विधायक को सांसद ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीएम करें पहल : अरुण

**भिलाई।** भिलाई को बिकने नहीं देंगे अभियान को लेकर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के सिविकसेंटर में चल रहे सत्याग्रह का समर्थन करते हुए कहा है कि मैंने सीएम व पीएम से मांग की है कि तत्काल भिलाई को बचाने तत्काल बीएसपी प्रबंधन को निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर नौ हास्पिटल, मैत्रीबाग व स्कूलों व रिटेंशन स्कीम जनहित के मुद्दे हैं। भिलाई को बिकने से बचाने से लाखों लोगों की आजीविका बचेगी। निजीकरण से हजारों लोग बेकार हो जाएंगे। अनशन के चार दिन बाद भी चर्चा की पहल नहीं होना चिंता व असंतोष की बात है।



### आईजी ने किया भूमिपूजन



**भिलाई।** अपराधों के रोकथाम के लिए और विवेचना, अन्य विषयों पर ट्रेनिंग आयोजित होने से पुलिस की दक्षता बढ़ेगी। महिला थाना सेक्टर 6 के बाजू में रेंज साइबर थाना, साइबर ट्रेनिंग सेंटर भवन के लिए आईजी रामगोपाल गर्ग व एसएसपी विजय अग्रवाल ने भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में एएसपी सुखनंनदन राठौर, आयूसीएडब्ल्यू पद्मश्री तंवर ),डीएसपी चंद्र प्रकाश तिवारी निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, पुष्पेंद्र भट्ट, साइबर रेंज थाना प्रभारी संकल्प राय उप निरीक्षक, उप निरीक्षक महिला थाना प्रभारी नीता राजपूत समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### जेवरात पार करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** ज्वेलरी दुकान चोरी मामले में पुलिस ने एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि महावीर कालोनी दुर्ग निवासी सुजल जैन का कृष्णा टाकिज रोड रिसाली मे उपहार ज्वलेर्स के नाम से दुकान है। जहां पर अज्ञात महिला पहुंची और टाप्स दिखाने की मांग किया। जब पीड़ित अन्य काम में व्यस्थ हुआ तो महिला सोने का जेवरात लेकर फरार हो गई। जिसकी कीमत पैतालीस हजार रुपए आंकी गई है। सूचना पर नेवई पुलिस पहुंची और सीसी कैमरे को चेक करने पर चोरी करने वाली महिला को देखा गया। खोजबीन करने पर ग्राम खोला थाना आर जामगांव हाल मुकाम-रिसाली सेक्टर भिलाई निवासी संगीता कोठारी के रूप शिनाख्त हो पाया। महिला को बैगनी रंग का स्कूटी सीजी 07 बी व्ही 6149 में देखा गया। पूछताछ करने पर महिला ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## हिंसक घटनाओं और दीपू चंद्र दास की जघन्य हत्या के विरोध में आक्रोश

# बांग्लादेश में मॉबलिंचिंग, मोहम्मद यूनुस और बांग्लादेशी झंडे का फूंका गया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार सामने आ रही हिंसक घटनाओं, नरसंहार और दीपू चंद्र दास की जघन्य हत्या के विरोध में देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में हिंदू युवा मंच के नेतृत्व में दुर्ग के पटेल चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रमुख मोहम्मद युनुस और बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। हिन्दू युवा मंच के प्रमुख गोविंद राज नायडू ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन बताते हुए कड़ी निंदा की। इस दौरान दीप जलाकर पुष्प चढ़ा कर बांग्लादेशी हिंदू नरसंहार में मारे गए सभी हिंदुओं को श्रद्धांजलि भी दी गई। बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या बंद करो, दीपू चंद्र दास को न्याय दो और भारत सरकार हस्तक्षेप करे जैसे नारे लगाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस दौरान हिन्दू युवा मंच के प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, राजेश शर्मा प्रदेश महामंत्री, कुमार नायर प्रदेश अध्यक्ष, अरुण सिंह, दिनेश मिश्रा, अरुण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## हिन्दू संगठनों ने की सुरक्षा की मांग



**अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग:** हिंदू युवा मंच ने भारत सरकार से मांग की कि वह बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ठोस और निर्णायक पहल करे। संगठन का कहना है कि बांग्लादेश में लगातार हो रही हिंसक घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वहां हिंदू समुदाय स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक एवं तीव्र रूप ले सकता है।

### मजदूर की मौत पर बीजेएमटीयूसी ने किया अंतिम सांस तक संघर्ष का ऐलान

**भिलाई।** केरल के पलक्कड़ जिले में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले की सक्ती तहसील अंतर्गत करही गांव निवासी मजदूर रामनारायण बघेल (31) की बेरहमी से की गई हत्या ने पूरे मजदूर समाज को झकझोर कर रख दिया है। चोरी के संदेह में बांग्लादेशी समझकर सैकड़ों लोगों द्वारा की गई मॉब लिंचिंग में रामनारायण की जान चली गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के शरीर पर 80 से अधिक गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जो घटना की क्रूरता को साफ उजागर करते हैं।



भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल बीजेएमटीयूसी के राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश यादव ने इस जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे मजदूर वर्ग पर हमला है। उन्होंने कहा कि बीजेएमटीयूसी इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेगी। रामनारायण बघेल रोजी-रोटी कमाने और अपने अधूरे घर को पूरा करने का सपना लेकर केरल गया था, लेकिन वहां उसे अमानवीय हिंसा का शिकार होना पड़ा। इस घटना के बाद प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। डॉ. जय प्रकाश यादव ने कहा कि रामनारायण की कमाई से उसका परिवार चल रहा था और उसका भविष्य बन रहा था। उसकी निर्मम हत्या ने मजदूर समाज को गहरे सदमे में डाल दिया है। संगठन ने सभी दोषियों को फांसी की सजा देने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। साथ ही केरल सरकार से विशेष जांच दल गठित कर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने तथा छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# निगम परिसर में शासकीय योजनाओं का शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारत सरकार द्वारा 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, जोन 5 अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उपायुक्त दिनेश कोशरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों को सुशासन सप्ताह का शपथ दिलाई।

- जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों को सुशासन सप्ताह की शपथ दिलाई

शासन के आदेशानुसार निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में जन समस्या निवारण शिविर में 11 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना, 2 आवेदन राष्ट्रीय पेंशन योजना, 3 आवेदन राशन कार्ड, 4 आवेदन राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, 8 आवेदन सड़क नाली निर्माण, 7 आवेदन पेयजल विस्तार, 8 आवेदन स्ट्रीट लाईट, उज्जवला योजना, हेल्प डेस्क, अनुज्ञप्ति लाईसेंस, नामांतरण फ्री होल्ड लीज होल्ड एवं अन्य योजना के 29 आवेदन इस प्रकार कुल 72 आवेदन प्राप्त हुआ है। साथ ही वाहन चालकों के लिए परिवहन विभाग से ड्राईविंग लाईसेंस का स्टाल रखा गया था। नागरिक शिविर में उपस्थित होकर अपनी आवश्यकता अनुसार योजना के काउंटर पर जाकर पूछताछ कर अपने समस्या से संबंधित आवेदन फार्म जमा किये हैं। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सभी विभाग से संबंधित जमा किये गये आवेदनों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

# सेफ्टी क्विज से सुरक्षा के प्रति कर रहे जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विभागीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक टी बैठा सहित एसएमएस- 3 के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, सहयोगी संस्थाओं के साइट उपस्थित थे।

सप्ताह भर फोकस्ड प्रशिक्षण सत्रों एवं इंटरैक्टिव चर्चाओं का आयोजन किया गया, जिनमें अग्नि सुरक्षा गैस सेफ्टी, फर्स्ट एड, ह्यूमन फैक्टर, डिफेंसिव ड्राइविंग, विद्युत सुरक्षा, एचआईआरएजेएसए, एनर्जी आइसोलेशन, स्ट्रेस मैनेजमेंट, महिलाओं के लिए नियर मिस रिपोर्टिंग तथा सेफ्टी क्विज आदि को शामिल किया गया। सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा सेफ्टी स्टॉल का उद्घाटन किया गया। सीजीएम तापस दासगुप्ता, बीके बेहरा, तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी, प्रमोद कुमार, पीआर भल्ला, आई. सेनगुप्ता, एचके सचदेव, महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल तथा सीजीएम टी बैठा आदि अधिकारी उपस्थित थे।



# नकटा तालाब में अवैध कब्जों का जारी है सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड 22 कुरूद स्थित नकटा तालाब अवैध कब्जाधारियों का भेंट चढ़ता जा रहा है। कार्रवाई को लेकर उदासीनता के चलते अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद है। जोन-2 अंतर्गत स्थित नकटा तालाब में नगर निगम भिलाई के उदासीनता के चलते लगातार अवैध कब्जे हो रहे हैं। निगम द्वारा करीब डेढ़ साल पहले अवैध कब्जों पर कार्रवाई की गई थी, उसके बाद सुध लेने वाला कोई नहीं। आसपास के लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा अवैध कब्जों को सालों पहले ढहाया गया था। वर्तमान में फिर से कब्जा होने लगा है। कब्जाधारियों द्वारा पहले टेंट लगाया जाता है फिर कुछ दिन बाद पक्का निर्माण कर लिया जाता है। जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

# धर्मांतरण, हमले और प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ आज छत्तीसगढ़ बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा चेम्बर कार्यालय में अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में व्यापारिक संगठनों और चेम्बर पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें भिलाई चेम्बर ने सर्व समिति के द्वारा आयोजित बंद को समर्थन दिया है। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए योजनाबद्ध हमले और स्थानीय प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैये पर गहरा रोष व्यक्त किया । छत्तीसगढ़ द्वारा 24 दिसंबर को आहूत छत्तीसगढ़ बंद के समर्थन में चेम्बर ने सभी बाजारों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किये जो सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान 2 बजे तक बंद रखने का आह्वान करेंगे। बैठक की शुरुआत में चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि आमाबेड़ा की हृदयविदारक घटना प्रदेश के आदिवासी एवं अन्य समाजों के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए चेम्बर इस बंद का पुरजोर समर्थन करता है।

- छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने दिया बंद को पूर्ण समर्थन

अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि बंद को इतना सुनियोजित रखा जाएगा कि ट्रांसपोर्टेशन और कच्चे माल के व्यापारियों को कम से कम आर्थिक नुकसान हो। अजय भसीन ने स्पष्ट किया कि बंद के दौरान मेडिकल स्टोर्स और पेट्रोल पंप खुले रहेंगे ताकि मरीजों और अति-आवश्यक यातायात में कोई बाधा न आए। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केवल व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आह्वान किया गया है। जवाहर मार्केट व सर्कुलर मार्केट क्षेत्र में शिव राज शर्मा, विजय गुप्ता,निरंकार सिंह लिंक रोड में चिन्ना राव , प्रेम रतन गहलोत, सुपेला क्षेत्र में विनय सिंह, दर्शन खटवानी, राकेश मल्होत्रा,राहुल चेलानी, नेहरू नगर , स्मृति नगर क्षेत्र में रॉकी अग्रवाल, सेक्टर क्षेत्र में नरेश वासवानी,उत्तमचंद जैन, भिलाई 3 क्षेत्र में अनिल जेठानी, शमन लाल नाथानी, सुषमा जेठानी , कुम्हारी में विशाल राठौर सभी बाजारों में जाकर व्यापारियों को बंद के समर्थन के लिए निवेदन करेंगे।

## 18 प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से किया गया सम्मानित

# किसानों के समर्थन में लगाई दौड़, रन फॉर फारमर्स में शामिल हुए 267 धावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर मंगलवार को भिलाई में रन फॉर फार्मर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया है। धावला फाउंडेशन द्वारा 5 किमी क्रॉस-टाउनशिप रन का आयोजन हमारे समाज के सबसे योग्य सदस्यों-सीमांत किसानों की मदद करने की आवश्यकता के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के मूल उद्देश्य से किया गया था।

किसानों के समर्थन के लिए 5 किमी क्रॉस-टाउनशिप दौड़ का आयोजन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक क्रीड़ा परिसर, भिलाई होटल के सामने, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। धावकों की सभी समूहों और श्रेणियों में कुल 267 धावकों ने भाग लिया। भिलाई स्टील प्लांट के ईडी (एचआर) पवन कुमार ने इस रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ क्रीड़ा परिसर, सिविक सेंटर, भिलाई से शुरू हुई और रेल चौक, फिर सिविक सेंटर तिराहा, शहीद उद्यान से होते हुए जवाहर उद्यान चौक, फिर डीपीएस रिसाली चौक से होते हुए वापस क्रीड़ा परिसर में समाप्त हुई। विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि सभी धावकों को भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र दिया गया है। कुल 18 प्रतिभागियों को पदक प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम स्थल पर ट्रैक्टर एवं रन फॉर फार्मर स्टैन्डी के साथ सेल्फी प्वाइंट पर बड़ा आकर्षण रहा। सभी धावकों, प्रतिभागियों आदि ने प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लेने का आनंद लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार बंछोर थे। इस दौरान अनीता झा ईडी व सीईओ ने मेहमानों, धावकों, इवेंट पार्टनर्स और अन्य प्रतिभागियों को धन्यवाद देकर समारोह का समापन किया।






### ये रहे विजेता

15 से 25 वर्ष में पुरुष वर्ग में प्रथम गोविन्द साहू, द्वितीय ऋषि कांत, तृतीय कपिञय कुमार, महिला वर्ग में वंदना , द्वितीय अंचल साहू और भूमि साहू तीसरे स्थान पर रहे। 26 से 50 वर्ष आयु पुरुष वर्ग में विवेक प्रसाद , द्वितीय युधिस्ठिर साहू, तृतीय आशुतोष कुमार बिन्द, महिला वर्ग में प्रथम मधु गेंड्रे, द्वितीय प्रियंका रहे, 51 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम बी आर नेताम, द्वितीय निरंजन साहू, तृतीय डी तेजा राव, उदय लाल बरही और श्याम सिंह रहे।

# ऑक्सीजन प्लांट-2 में आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में मंगलवार को 11.17 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों की आपसी तालमेल और क्रियान्वयन क्षमताओं की समीक्षा की गई। मॉक ड्रिल में दिखाय गया कि 11:17 बजे मॉक ड्रिल गतिविधि के अंतर्गत, यांत्रिक समूह के सात कर्मी तरल ऑक्सीजन टैंक-1 के लोंक्स पंप -3 के एसएस यूनियन से रिसाव की शिकायत पर ब्रेकडाउन अनुरक्षण कार्य के दौरान लोकल वाल्व बंद करने के पश्चात जब एसएस यूनियन को ढीला किया जा रहा था, तो फ्लैंज पैकिंग को क्षति पहुँची, जिससे अचानक और अनियंत्रित रूप से तरल ऑक्सीजन का रिसाव होने लगा। यांत्रिक कर्मचारियों ने तत्काल चेतावनी दी और पास में कार्यरत विद्युत कर्मियों ने घटना की सूचना ओपी-2 के शिफ्ट मैनेजर को दी। स्थिति का आकलन कर आपात प्रोटोकॉल सक्रिय किए गए। सहायक प्रबंधक हेमंत कुमार अमरिया, जो घटनास्थल की निगरानी कर रहे थे, उन्होंने इंसिडेंट कंट्रोलर की इसके बाद तत्काल निकासी आदेश जारी किए गए।



03




रजनीश, दिव्या, संजय और प्रमिला सहित कई ने टेटे में बाजी जीती

## लाइव इवेंट

### मॉडल प्रदर्शनी में दिखाया बीमारियों की रोकथाम और संक्रामक रोगों से बचाव



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विज्ञान संकाय के द्वारा जनस्वास्थ्य और स्वच्छता पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें बी एस सी प्रथम सेमेस्टर के 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए। लाइफ साइंस की डॉ निहारिका देवांगन ने बताया कि वर्तमान परिवेश में जीवन को स्वस्थ रखने, बीमारियों की रोकथाम, संक्रामक रोगों से बचाव प्रबंधन की महती आवश्यकता है। हमें स्वच्छ वातावरण के लिए साफ हवा, पानी, साफ सफाई के लिए प्रयास करना होगा। इसके लिए व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही सामुदायिक प्रयास भी होने चाहिए। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य भी विधार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। संयोजक निकिता चंद्राकर ने बताया कि प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को जहां विषय का ज्ञान मिला, साथ ही उनकी रचनात्मक प्रतिभा, कम्युनिकेशन स्किल, आत्मविश्वास को भी बढ़ावा मिला है। विधार्थियों को 9 समूह में बांटा गया था, प्रत्येक समूह अपने विषय को मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर उसका विश्लेषण किया। जिन प्रमुख विषयों पर मॉडल बनाए गए थे उनमें आदर्श हैंड वॉश तकनीक, टीकाकरण, फायर सेफ्टी, रोड एक्सीडेंट, रक्तदान, हृदय और श्वांस संबंधी जानकारी, फाइबर युक्त भोजन के लाभ, मधुमेह सहित स्वास्थ्य से संबंधित थे। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी एवं भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर श्रेष्ठ 3 समूह के प्रतिभागियों का चयन किया जिन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

### शैक्षणिक और खेलकूद के प्रतिभावान पुरस्कृत, रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**भिलाई।** मार बेसेलियस विद्या भवन, कैलाश नगर में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक और प्री-प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं का 42वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के रजिस्ट्रार डॉ भूपेन्द्र कुलदीप, सी.सी.ई.टी प्राचार्य जितेन्द्र तिवारी, सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई प्राचार्या डॉ शाइनी मॅडोंस, नेहा साहू सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। सेक्रेटरी दीपा सुरेश ने शाला की गतिविधियों को बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जेकब थॉमस द्वारा वार्षिक रिर्पोट की प्रस्तुति दी गई।

■ नन्हे बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

शैक्षणिक योग्यता के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। शैक्षणिक उपलब्धि के लिए 12वीं की तनुश्री नन्दगेय को मारथोडोसियस मेमोरियल आवार्ड से सम्मानित किया गया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष वेरी रेवरेंन थॉमस रमबान और जितेंद्र तिवारी ने अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा, शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सीखने की शक्ति, क्षमता को उजागर और प्रेरित करने की थीम पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें हेलन केलर, बुरुगु राधिका के जीवंत प्रसंग पर आधारित नृत्य नाटिका, समूह गीत, सामूहिक नृत्य एवं नाटक ने सभी दर्शको का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन नैंनसी विक्टर और अनिता राजू और काजल साहू द्वारा आभार प्रस्तुत किया गया।



● दिव्य हनुमंत कथा की 25 को निकलेगी कलश यात्रा, चल रही तैयारी

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर बहेगी भक्ति की अविरल धारा, 25 6 जनवरी तक हनुमंत कथा व राम धुन से गूंजायमान रहेगा शहर

**भिलाई। साल 2025 के अंतिम हफ्ते यानी 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक ट्विनसिटी में भक्ति की अविरल धारा बहने वाली है। क्रिसमस ईव और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के साथ भिलाई में 25 से 29 दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा, 27 से रामकिंकर महाराज की शिष्या दीदी मंदाकिनी दवरा राम कथा और 28 दिसंबर से जामुल में विद्वान रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज अयोध्या के श्रीमुख से वाल्मिकी रामायण की नौ दिवसीय राम कथा का श्रद्धालु रसपान करेंगे। साथ ही क्रिसमस के अवसर पर जगतगुरु कृपालु महाराज की शिष्या धामेश्वरी देवी द्वारा 25 दिसंबर को मेरी राधा डे का आयोजन नेहरु नगर शिवाजी चौक के पास किया जाएगा। इस तरह भव्य धार्मिक आयोजनों से दुर्ग-भिलाई भक्ति के रंग में सराबोर दिखाई देने वाली है।**

### कल से पं धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा और निकलेगी भव्य कलश यात्रा





सनातन धर्म के ध्वजवाहक बागेश्वर धाम के आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री श्रीमुख से आयोजित श्री हनुमंत कथा की तैयारी अंतिम चरण पर है। पांच दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 25 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में सम्मिलित होंगी। आयोजक राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पांडेय ने बताया कि 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित श्री हनुमंत कथा को लेकर दुर्ग भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में उत्सुकता का माहौल है और कार्यक्रम की आयोजन समिति सेवा समर्पण समिति के संयोजक और कार्यक्रम के आयोजक राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है। कार्यक्रम के संपादन और उसकी भव्यता को लेकर बैठकों का दौर भी जारी है। श्री हनुमंत कथा के दौरान धर्म परिवर्तन किए लोगों ने घर वापसी को लेकर समिति से संपर्क किया है जिसे लेकर भी तैयारी किया जा रही है। पार्किंग बेहतर हो सके उसके लिए भी जगह चिन्हांकित कर बैरिकेडिंग और बांस और बल्लियों से घेरा किया जा रहा है। वालंटियर कार्ड को लेकर आवेदन लेने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण पर है। समिति के द्वारा परीक्षण के पश्चात सेवा कार्य करने वाले हनुमंत भक्तों को वालंटियर कार्ड दिया जाएगा।

### दीदी मां मंदाकिनी की 27 से 29 दिसंबर तक श्रीराम कथा



धार्मिक आयोजनों की कड़ी में 27 दिसम्बर शनिवार से 29 दिसम्बर सोमवार तक नेहरू नगर स्थित निर्मल ज्ञान मंदिर, कबीर आश्रम में तीन दिवसीय भव्य श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर युगतुलसी, पद्मभूषण परमपूज्य डॉ. रामकिंकर महाराज की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी दीदी मां मंदाकिनी श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का अमृतपान कराएंगी।आयोजक राम किंकर शिष्य परिवार के सदस्य जितेंद्र सोनी ने बताया कि श्रीराम कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक होगी, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन, मर्यादा, आदर्श और भक्ति भाव का सारगर्भित वर्णन किया जाएगा। कथा से पूर्व प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 5 बजे तक भक्ति संगीत का आयोजन रहेगा, जो समस्त वातावरण को भक्तिमय बना देगा। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रार्थना, भजन, आरती एवं दर्शन का क्रम रहेगा। 29 दिसम्बर सोमवार को कथा समापन के पश्चात महाभोग का आयोजन किया जाएगा। आयोजक जितेंद्र सोनी और मुकेश सोनी ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है। आयोजन को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। श्रीराम कथा में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### जामुल में श्रीराम कथा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में





शिवपुरी स्टेडियम जामुल में 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के विद्वान रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज, श्रीधाम पीठाधीश्वर, श्रीराम लला सेवा सदन, रामकोट अयोध्या द्वारा वाल्मिकी रामायण का वाचन किया जाएगा। आयोजक प्यारे श्री राधा कृष्ण संस्कार मंच के अध्यक्ष ईश्वर उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र के लोगो के लिए नए साल की शुरुआत में दिव्य श्रीराम कथा के साथ होगी। जिसकी सभी तैयारियां अब पूर्णता के चरण में पहुंच चुकी हैं। नौ दिवसीय आयोजन के पहले दिन 28 को 11 हजार एक सौ 11 महिलाओं दवरा सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा शिवपुरी स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर वापस पहुंचेगी। 29 दिसबंर से अयोध्या के रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज द्वारा राम कथा की जायेगी। भव्य कलश यात्रा के दौरान हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा और पूरे 9 दिवसीय आयोजन में छग सहित पूरे देश के कोने-कोने से लगभग एक हजार साधु-संतों का प्रतिदिन आगमन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए दो लाख वर्गफुट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित विराट पंडाल लगभग पूर्ण हो चुका है। बैठने की समुचित - व्यवस्था, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा की - व्यवस्था की गई है।

## विंटर कार्निवल में बच्चों ने मचाई धूम 150 विजेताओं को श्रेणीवार मिले पुरस्कार

**भिलाई।** विंटर कार्निवल और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन एमजे स्कूल कोहका में किया गया।

विंटर कार्निवाल में ड्रॉइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में लोगो में उत्साह दिखाई दिया। आयोजन में 150 विजेताओं को श्रेणीवार पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने सहभागिता कर इस कार्निवाल में उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों एवं बड़ों के लिए अनेक मनोरंजक एवं आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य-संगीत, मैजिक शो, पपेट शो, हॉर्स राइडिंग, कैमल राइडिंग सहित अनेक रोचक कार्यक्रम शामिल थे। समारोह के अंतर्गत पिछले दिनों आयोजित ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को मंच पर आमंत्रित कर पुरस्कार राशि एवं सर्टिफिकेट वितरण किया गया। एम. जे. स्कूल द्वारा इस विंटर कार्निवाल के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन किया गया था।



## ईर्ष्या व्यक्ति को उसी तरह खा जाती है , जैसे कपड़े को कीड़ा

**भिलाई।** मां विंध्यवासिनी महिला समिति ग्राम गनियारी की महिलाओं द्वारा संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक बाल व्यास आचार्य हरीश ने कहा कि ईर्ष्या व्यक्ति को उसी तरह खा जाती है, जैसे कपड़े को कीड़ा। श्रीराम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धा भक्ति है। राम केवल भगवान का नाम नहीं है बल्कि यह मानव जीवन कैसे जिया जाए इसकी पूरी जीवन पद्धति है। झांकी के माध्यम से कथा का सजिव चित्रण किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ निर्मला भारती ने कहा आचार्य बहुत ही सरल शब्दों में श्री हनुमान चरित्र , लंका कांड ,श्री राम राज्याभिषेक को सुनाया। जिससे सभी भक्त भावविभोर हुए उठे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीता साहू, यमुना वर्मा, लक्ष्मी ठाकुर, नीरा ठाकुर, चित्ररेखा पटेल, गुलेश्वरी सेन, चंद्रकला बंछोर, किरण नायक, रेखा ढीमर, ललिता गोस्वामी, सतवनतिन ढीमर, लता मंडावी, राधा ठाकुर, चेतन पटेल, नर्मदा सोनवानी, यामिनी नायक, गोंदा ढीमर, अंजू ढीमर, यमुना ढीमर, रम्भा ठाकुर, रमा नायक, नैन बाई चंद्रकला साहू, ग्वालिन यादव, विशाखा ठाकुर यशोदा ढीमर चित्ररेखा चौहान, संध्या ठाकुर चन्द्रमनी ढीमर ममता साहू, सिबती साहू, रेणुका ढीमर कमला ढीमर, टोमीन ढीमर, सुधा यादब सरस्वती यादव, पुष्पा वर्मा, पार्वती ठाकुर, ज्योति ठाकुर टिकेशवरी ठाकुर सोनकुवर ढीमर हेमीन ठाकुर रोहणी नायक आदि मौजूद थे।



### वार्षिक अधिवेशन में समाज प्रमुखों ने सामाजिक विकास को लेकर किया चिंतन

कार्नर न्यूज

## संख्या बल के अनुसार प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर एकजुट हुआ यादव समाज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला ठेठवार यादव महासभा का वार्षिक अधिवेशन सामाजिक एकजुटता और प्रतिनिधित्व की मांग के संदेश के साथ संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज प्रमुखों ने कहा कि यादव समाज संख्या बल के हिसाब से राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिनिधित्व चाहता है और इसके लिए संगठित रहना जरूरी है। कार्यक्रम में सामाजिक विकास, शिक्षा और भागीदारी को लेकर गंभीर चिंतन किया गया। समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, वहीं अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श आज भी समाज को दिशा देते हैं। उन्होंने समाज से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशेष अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि यादव समाज एक सशक्त समाज है, जो संगठित होकर अपने अधिकारों की बात मजबूती से रख सकता है। प्रांतीय ठेठवार यादव महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने मंत्रीमंडल में यादव समाज को प्रतिनिधित्व दिया है, इसके लिए सरकार का आभार है। लेकिन आयोग, निगम और मंडलों में अब तक समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है।



### समाज को संगठित रहने पर दिया जोर

उन्होंने मांग की कि संख्या बल के आधार पर इन संस्थाओं में भी यादव समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु और राज अध्यक्ष राजकुमार यादव ने समाज को संगठित रहने पर जोर दिया। भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य जीत हेमचंद यादव और राजा यादव ने भी एकता को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताया।




### रंगोली से बनाई भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक आकृति



सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव ने सामाजिक एकता पर विस्तार से विचार रखे, जबकि प्रांतीय प्रवक्ता रोमशंकर यादव ने शिक्षा और समाज के हर वर्ग की भागीदारी को जरूरी बताया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सबका ध्यान खींचा। सुमित यादव और उनकी टीम ने भजन प्रस्तुति दी। दिव्यांग कलाकार विवेक यादव सहित समाज के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। अंजल नरेश यादव ने रंगोली के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक आकृति बनाई।अधिवेशन में अध्यक्ष मुकेश यादव, कार्यकारी अध्यक्ष गोविंदा लखन यादव, महिला अध्यक्ष अहिल्या यादव, भिलाई नगर अध्यक्ष नरेन्द्र यदु सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के ठेठवार यादव समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

सिटी इवेंट

## खेलों से जीवन कौशल, नेतृत्व व आत्मविश्वास विकसित करने दी प्रेरणा



**भिलाई।** रुंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई में 11वां वार्षिक खेल दिवस-2025 अत्यंत उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भव्य रूप से आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ खिलाड़ियों के सुव्यवस्थित असेंबली और मुख्य अतिथि डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी, कुलपति रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी, चेयरमैन संजय रुंगटा, डायरेक्टर रजनी रुंगटा, प्राचार्य राजीव कुमार, उपप्राचार्या दीप्ति सिंग की उपस्थिति में हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कप्तान इकरा सिद्दीकी ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे गुब्बारों के साथ नई आशा की किरण बिखेरते हुए कार्यक्रम में चार चांद लग गए। इसके उपरांत कक्षा छठवीं से बारहवीं के चारों सदन के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय खिलाड़ियों में प्रदुम्न मुंदडा, वान्या पुन्दिर और सुमंजित मजुमदार द्वारा खेल ज्योति प्रज्वलन किया गया तथा चारों सदन के कलाम, रमन, टैगोर, टेरेसा विद्यार्थियों ने खेल शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। प्री-प्राइमरी ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सेवा भावना पर ड्रिल किया और दर्शकों से तालियां बटोरी और कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक ड्रिल व जुम्बा का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं के लिए रोचक एवं उत्साहवर्धक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें ट्रैफिक सिग्नल रेस, गन पिक-अप रेस, बूट-ऑन बैटल रेस, बिंग बैलेंस, लाइफ जैकेट रेस्क्यू रेस, जंपिंग रिंग रेस, लेमन रेस, 100 मीटर दौड़, बैलेंसिंग द बॉल एवं 400 मीटर रिले रेस प्रमुख रहीं। अभिभावकों ने भी सैक रेस एवं रिंग बैलेंस रेस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ सभी खेलों में भाग लिया। विद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट हेड बॉय वीर जैन द्वारा प्रस्तुत की गई।

### विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से कराया अवगत

मुख्य अतिथि डॉ. जबाहर सुरिसेट्टी ने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से जीवन कौशल, नेतृत्व एवं आत्मविश्वास विकसित करने की प्रेरणा दी। एसआरजीआई के चेयरमैन संजय रुंगटा ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रचार्य राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और निरंतर अभ्यास का संदेश दिया। इसके पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। साथ ही विजेता टीम रमन हाउस एवं रनर अप टैगोरे टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन हेड गर्ल सावनी बसोतिया द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन, कार्यक्रम का समापन समारोह रेट्रीट और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

धर्म इवेंट

## विद्यार्थियों ने आशा और उम्मीद का दिया संदेश



**दुर्ग।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग के प्रांगण में बी होप विषय पर आधारित वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. के. सुब्रमण्यम सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग, विशेष अतिथि सत्य प्रकाश तिवारी सिटी एसपी भिलाई तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. के. सुब्रमण्यम ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को आशा, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास का महत्व बताया। उन्होंने अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि भविष्य की मजबूत नींव शिक्षा और मूल्य आधारित सोच से ही बनती है।

विद्यालय की एकेडेमिक डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्या दीप्ति तिवारी ने "बी होप" विषय की व्याख्या करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही आने वाली पीढ़ी के निर्माता हैं और उनमें उम्मीद, आत्मविश्वास और मानवीय मूल्यों का संचार बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सत्यवती तिवारी और मनीष तिवारी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। एकेडेमिक कॉर्डिनेटर्स वेदप्रकाश बाजपेई और हरबिंदर कौर संधु ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### मनोरंजन के साथ दिया सामाजिक संदेश

विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। सभी प्रस्तुतियां बी होप विषय पर केंद्रित रहीं, जिनमें मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश भी दिया गया। विद्यार्थियों की प्रतिभा देखकर अभिभावक भावविभोर हो उठे और जमकर प्रशंसा की। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. के. सुब्रमण्यम, सिटी एसपी सत्य प्रकाश तिवारी सहित अन्य अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन एकेडेमिक कॉर्डिनेटर हरबिंदर कौर संधु के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

● आर्य समाज मंदिर में राष्ट्रचेतना का जागरण शिविर, आर्य समाज के ढाई सौ ले रहे प्रशिक्षण

# सनातन धर्म की रक्षा करने आर्य वीर दलों को दे रहे प्रशिक्षण, मनाया स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में स्वामी श्रद्धानंद का 99वां बलिदान दिवस श्रद्धा, संकल्प और राष्ट्रचेतना के साथ आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आर्य जगत के क्रांतिकारी विद्वान आचार्य योगेश भारद्वाज दवरा ओजस्वी व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में अनुयायियों और आर्य समाज सहित विभिन्न सनातनी संगठनों के प्रतिनिधियों उपस्थिति रही। आर्य समाज से छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री अवनी भूषण पुरंग, उमेश चितलंगिया और धर्म जागरण समन्वय से राजकुमार चंद्रा, सभा के उपप्रधान रामनिवास गुप्ता, रवि आर्य, दिलीप आर्य, अजय आर्य, विक्रम आर्य, महेश नायडू, रजनीश मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।विशेष रुप से उपस्थित रहे।







### क्रांतिकारी प्रवचनों से उद्वेलित हुआ हिंदू समाज

कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखते हुए आचार्य योगेश भारद्वाज ने कहा कि विश्व का श्रेष्ठ धर्म वैदिक सनातन धर्म है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इस भूमि को अपनी पुण्यभूमि, धर्मभूमि और कर्मभूमि मानना होगा, तभी राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा सुदृढ़ होगी। उन्होंने घर वापसी, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रवाद को सामाजिक समाधान के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम को लेकर डॉ अजय आर्य ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का जीवन आज के समय में युवाओं के लिए प्रेरणा-पुंज है। उनका बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शक है। आचार्य योगेश के प्रवचनों ने समाज को आत्मचिंतन और आत्मगौरव का बोध कराया है।

### स्वामी श्रद्धानंद के सपनों का भारत की दिशा में सार्थक कदम

डॉ अजय आर्य ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में वैचारिक स्पष्टता, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति दायित्व की भावना मजबूत होती है, जो स्वामी श्रद्धानंद के सपनों का भारत निर्मित करने की दिशा में सार्थक कदम है। प्रमुख बिंदु देश का गौरवशाली इतिहास और बच्चों को सिख गुरुओं का बलिदान, महाराणा प्रताप ने कैसे एक बार से बिलावल खान सहित घोड़े के दो टुकड़े कर दिए थे यह इतिहास बच्चों को पढ़ाया जाए तो बच्चे वीर बनेंगे। डॉ आर्य ने कहा कि इतिहास के गौरवशाली परंपरा को सिखाया जाना जरुरी है। आजादी चरखे और सूट से नहीं बल्कि भगत सिंह क्रांतिकारी और दयानंद के विचारों से मिली थी।

### क्रांतिकारी व्यक्तित्व को किया प्रस्तुत

आचार्य योगेश भारद्वाज ने अपने व्याख्यान में स्वामी श्रद्धानंद द्वारा चलाए गए शुद्धि आंदोलन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने दलितोद्धार, हिंदी आंदोलन, सामाजिक सुधार, गुरुकुल आंदोलन, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान तथा उनके क्रांतिकारी व्यक्तित्व को सशक्त उदाहरणों सहित प्रस्तुत किया। आचार्य योगेश ने स्वामी की सादगी, सर्वस्व दान और उस ऐतिहासिक प्रसंग मूलचंद नास्तिक को आस्तिक एवं संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद के रूप में राष्ट्र को समर्पित करने के प्रसंग का उल्लेख किया।

प्रशिक्षण

## फॉरेंसिक साइंस के छात्रों ने सुलझाई मर्डर मिस्ट्री,विशेषज्ञों ने दी हैंड्स ऑन ट्रेनिंग



**भिलाई।** रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में सोमवार को छात्रों के लिए क्राइम सीन इनवेस्टिगेशन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग रखी गई। इसके लिए कैंपस में एक क्राइम सीन बनाया गया। इसमें एक डमी मॉडल के जरिए सीन ऑफ क्राइम यूनिट दुर्ग सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर डॉ. मोहन पटेल ने छात्रों को बताया कि किसी मर्डर केस को कैसे सुलझाया जाता है। यह सत्र पूरी तरह वास्तविक अपराध मामलों पर आधारित था, जिसमें एक्सपर्ट्स ने उसी अंदाज में समझाया, जैसे वे किसी हत्या की जांच के दौरान पुलिस के साथ काम करते हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की हत्या होती है, तो अपराध स्थल सबसे बड़ा गवाह होता है। वहां मौजूद हर चीज खून के छींटे, टूटा हुआ सामान, शव की स्थिति, सब कुछ एक कहानी बयान करता है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम जब मर्डर सीन पर पहुंचती है, तो सबसे पहले यह देखा जाता है कि हत्या कब, कैसे और किस दिशा से की गई। सत्र के दौरान एक्सपर्ट ने बताया कि अगर किसी कमरे में शव पड़ा हो और खून जमीन पर फैला हो, तो ब्लड स्पैटर पैटर्न से यह पता लगाया जा सकता है कि हमला खड़े होकर किया गया या बैठकर, हथियार क्या था और वार कितनी बार किए गए। शरीर का तापमान, चोटों के निशान और शव की कठोरता से मौत का समय तय किया जाता है, जिससे आरोपी की टाइमलाइन बनाई जाती है। फिंगरप्रिंट और डीएनए जांच पर भी विस्तार से चर्चा हुई। छात्रों को नए आपराधिक कानूनों के तहत फॉरेंसिक साइंस की कानूनी प्रासंगिकता बताई गई। डिजिटल सबूतों पर बात करते हुए एक्सपर्ट ने कहा कि आज के दौर में मर्डर केस मोबाइल और तकनीक के बिना अधूरे हैं। कॉल डिटेल्स, लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया चैट से यह पता लगाया जाता है कि आरोपी घटना के समय कहां था और किससे संपर्क में था। छात्रों ने इस सत्र को बेहद रोमांचक और आंखें खोलने वाला बताया।

आयोजन

## अपनी जड़ों से जुड़े रहें, छग भोजपुरी परिषद कराएंगे आदर्श विवाह



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद के द्वारा भोजपुरी गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छग महतारी व सूर्य भगवान के चित्र पर दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम में रायगढ़, रायपुर, बिलासपुर से आए अतिथियों का सम्मान शॉल से किया गया।

राजगीत के बाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पांडे, परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने कहा की भोजपुरिया एक परिवार है। जिससे हम सब जुड़े रहे। रायपुर के डीआईजी संतोष कुमार सिंह ने कहा की अपनी जड़ों से जुड़े रहना जरूरी है। समाज के संरक्षक संजय ओझा ने कहा की हम सबका सम्मान करे। साथ ही निर्धन कन्या विवाह जैसे आयोजन की रुपरेखा भी बनाई जाएगी। मदन मोहन त्रिपाठी ने कहा की हम जब यहां आए थे तो साइकल तक नहीं थी। आज साधन संसाधन है। हम सब एक दूसरे से जुड़े रहे। युवा नेता धर्मेन्द्र यादव ने निर्धन कन्या विवाह में अपने पिता के स्मृति में 51000 रूपये का सहयोग करने की घोषणा की। कॉमर्स गुरु संतोष राय ने परिषद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने को कहा।सीजीपीएससी में चयनित कनक प्रभा सिंह का परिषद की ओर से मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन छग भोजपुरी परिषद के मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा और आभार प्रदर्शन महासचिव बी पी सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुभाष साव, वीरेंद्र यादव, रामायण मिसरा, राजीव रंजन शर्मा, निशिकांत शर्मा, सनोज, मनोज कुमार सिंह, नंद किशोर सिंह, प्रेमप्रकाश मिश्रा, ममता ओझा, रीना विश्वकर्मा, कमलेश यादव, विष्णु पाठक, संजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

आध्यात्मिकता का अर्थ है अपने मन को शांत और संतुलित रखना

कार्नर न्यूज

प्रोफेसर ईवी गिरिश वक्ता-वाह जिंदगी वाह

## जीवन अनिश्चितताओं का खेल, लेकिन हम उसे कैसे लेते हैं यह हमारे ऊपर निर्भर करता है

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में चल रहे वाह जिंदगी वाह शिविर के तीसरे दिन के सत्र में मुम्बई से आये अंतर्राष्ट्रीय प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर ई.वी. गिरीश ने रोज बढ़ रहे तनाव को समझकर दूर करने की बातें बताईं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक व्यक्ति अंदर से आसान होगा और सत्य के आधार पर जीवन जियेगा। हमने तनाव के बारे में समझा हमारी यह गलत अवधारणा है कि बाहर के व्यक्ति, परिस्थिति चैलेंज से हमको टेंशन होता है ऐसा नहीं है वह तो वास्तविकता है, रियलिटी है लेकिन मैं किस प्रकार से प्रतिक्रिया करता हूं उसे बाहर की बातों को यह उस पर निर्भर करता है। मेरे जीवन में तनाव है या मैं तनाव मुक्त हूं तो एक सत्य हमें यह समझना है कि मैं अगर परिस्थिति से ज्यादा सक्षम और शक्तिशाली हो जाऊं तो फिर वह परिस्थिति मुझ पर हावी नहीं होगा, तो स्वयं को शक्तिशाली बनाना बहुत जरूरी है हमने यह भी समझा मेरे जीवन में मेरी सफलता का कारण भी और फिर दुःख का कारण भी मैं ही हूं।



### तनाव हमारी गलत धारणाओं का परिणाम

प्रोफेसर गिरीश ने स्वयं को सशक्त व शक्तिशाली बनाने के लिए भिन्न-भिन्न टिप्स दिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 5 महीने के बच्चा तैरना सीख सकता है । लेकिन हम 15 साल के बच्चे को पानी में उतरने से डराते हैं। यह हमारी गलत धारणाओं का परिणाम है । दो व्यक्तियों के बीच में आपस में यह कर्मों का अकाउंट ट्रांसफर पॉसिबल ही नहीं है। जिस व्यक्ति के जैसे कर्म होंगे, उसी के अनुसार उसे जीवन में सुख या दुःख प्राप्त होता है इस सत्यता को यदि हम गहराई से समझते हैं तो परिवार व समाज में रहते हुए भी हमारी मानसिक स्थिति स्टेबल रह सकती है इसके लिए स्वयं को प्रतिदिन सीखना होता है यही बातें आध्यात्मिकता हमें सिखाती है। स्नेह, मुस्कुराहट, शक्ति, निडरता यही सब तो दिव्य गुण है जिसके आधार से देवियां पूजनीय बन जाती हैं आपको भी पूजनीय बनना है जिसको हम सेल्फ रिस्पेक्ट कहते हैं इन गुणों को जीवन में धारण करने से दूसरों के लिए भी आप आदरणीय बन जाएंगे ।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में चंद्रांश ने बनाए शानदार 58 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (23-25 दिसंबर) को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में राजस्थान अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन राजस्थान अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 72 ओवरों में 10 विकेट खोकर 192 रन बनाए। छत्तीसगढ की ओर से चंद्रांश यादव ने 58 रन बनाये। आदित्य बैदवाल तथा प्रतीक गंधर्व ने 26-26 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त उज्जवल मरकाम ने भी 23 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रोहन चौधरी, भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन के अंत तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 16 ओवरों में 3 विकेट खोकर 40 रन बना लिये हैं। राजस्थान की ओर से यश शर्मा ने नाबाद 22 रन बनाए। छत्तीसगढ की ओर से अरहम नाहर ने 2 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने एक विकेट प्राप्त किया। पहले दिन की समाप्ति तक राजस्थान 152 रनों से पीछे है।

### अनन्या व पलक का चयन स्टेट बास्केटबॉल के लिए



**रायपुर।** राज्य स्तरीय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 23 और 24 दिसंबर को शासकीय स्नातकोत्तर कमला महाविद्यालय राजनांदगाव की मेजबानी मे आयोजित है। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि कॉलेज की खिलाड़ी अनन्या शुक्ला व पलक यादव का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, सेक्रेटरी उपकार राय, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, उपप्राचार्य अभिनव पाल, उप प्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, डॉ. रितेश जैन आदि ने बधाई दी है।

### अविका ने सीबीएसई राष्ट्रीय क्रिकेट में जीता गोल्ड मेडल



**रायपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर की कक्षा 7वीं की छात्रा अविका शर्मा ने खेल जगत में विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अविका शर्मा ने सीबीएसई नेशनल क्रिकेट फेस्ट 2025 ईस्टर्न जोन टीम सनराइजर्स स्टेलोन में बतौर बैटर खिलाड़ी शामिल हुई थी. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कृष्णा पब्लिक स्कूल, डूंडा रायपुर में आयोजित वार्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह 2025 के अवसर पर अविका शर्मा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के कार्यकारी निदेशक आशुतोष त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या प्रियंका त्रिपाठी ने खेल श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किया।

### टर्मिनेटर की जीत, सुनिश रहे प्लेयर ऑफ़ द मैच



**रायपुर।** साहिल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित साहिल विंटर कप 16 आयु वर्ग में प्रतियोगिता का पहला मैच टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी और गोविन्द चौहान एकेडमी भिलाई के मध्य खेला गया। टर्मिनेटर के कप्तान आरव राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टर्मिनेटर ने निर्धारित 40 ओवरों में 2 विकेट खोकर 247 रन बनाए. जिसमे सुनिश मवार ने शानदार शतक लगाते हुए 108 रन और जागेश्वर निषाद ने 57 रनो की पारी खेली। गोविन्द चौहान एकेडमी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए कृतिवास चौहान ने 1 और युवराज सिंह चौहान ने 1 विकेट लिए। जवाब में 248 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौहान एकेडमी की पूरी टीम 82 रनो पर ऑल आउट हो गयी। जिसमें वेदांत पाण्डेय ने 26 रनो की पारी खेली. टर्मिनेटर के तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए मेहुल देवांगन ने 5 एवं सोहम सिंह ने 2 विकेट लिए। टर्मिनेटर एकेडमी की टीम ने यह मैच 165 रनो के बड़े अंतर से जीत लिया। मैच में शानदार शतक लगाने पर सुनिश मवार को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित टर्मिनेटर क्वॉड क्रिकेट ट्रॉफी-14 आयु वर्ग में रविवार को टर्मिनेटर एकेडमी और पीसीसी दुर्ग के बीच प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें टर्मिनेटर की टीम ने जीत हासिल की।

#### लक्षणों की पहचान कर उपचार कराना पहली प्राथमिकता

# फेफड़ों की गंभीर बीमारी जकड़ रही ज्यादातर लोगों को, लक्षणों से पहचानिए आप भी शिकार तो नहीं



इन दिनों फेफड़ों से जुड़ी बीमारी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस ज्यादा चर्चा में है। ये बीमारी कई प्रकार की जटिलताएं पैदा करती है, इसके संक्रमण का फैलाव ज्यादा हो रहा है, ऐसे में इस बीमारी को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंताएं जाहिर की जा रही है। बीते वर्ष मशहूर तबला वादक और पद्म विभूषण से सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन भी इस बीमारी से हुआ था। इस खबर ने दुनियाभर में उनके प्रशंसकों को गमगीन कर दिया था। वे अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित एक अस्पताल में भर्ती थे। डॉक्टरों के मुताबिक वे लंबे समय से इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस नामक बीमारी और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य जटिलताओं से पीड़ित थे। इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (आईपीएफ) फेफड़ों में होने वाली एक क्रोनिक बीमारी है जिसके कारण समय के साथ सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है और कई अन्य प्रकार की जटिलताएं होने लगती हैं। इस बीमारी के कारण फेफड़ों में स्कार टिशू (फाइब्रोसिस) बनने होने लगता है जिस वजह आपके फेफड़े रक्तप्रवाह में ऑक्सीजन को प्रभावी ढंग पहुंचाने में कठिनाई महसूस करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, फेफड़ों की ये बीमारी किसी को भी हो सकती है इसलिए समय रहते इसके लक्षणों की पहचान करना और बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है।

### क्या है इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस की समस्या?



महान तबला वादक की मौत जिस इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस बीमारी के कारण हुई थी, वह 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में बहुत आम होती जा रही है। ये इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आईएलडी) का एक प्रकार है जिसकी वजह से फेफड़ों के ऊतक मोटे होने लगते हैं और इनमें फाइब्रोसिस की दिक्कत हो सकती है।

फाइब्रोसिस के कारण रक्त प्रवाह में ऑक्सीजन रिलीज करना और शरीर के बाकी हिस्सों में पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाना फेफड़ों के लिए काफी मुश्किल हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आनुवांशिकता और दिनचर्या से संबंधित कारक इस बीमारी की वजह हो सकते हैं।

### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है ये बीमारी?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को फेफड़ों की गंभीर बीमारी रही हो उन्हें विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। अमेरिकन लंग्स एसोसिएशन के मुताबिक इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस के मुख्यरूप से दो लक्षण होते हैं जिनपर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

1. **लंबे समय तक सूखी खांसी बने रहना-** आईपीएफ वाले अधिकांश लोगों को 8 सप्ताह से अधिक समय तक खांसी बनी रहती है।

2. **अक्सर सांस फूलना-** अगर आपको अक्सर सांस फूलने की दिक्कत रहती है तो ये अलार्मिंग है। जैसे-जैसे फाइब्रोसिस की दिक्कत बढ़ती जाती है आपको आराम करते समय भी सांस लेने में कठिनाई का अनुभव हो सकता है।

इन लक्षणों के साथ मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, अक्सर थकान बने रहने, ऊर्जा की कमी महसूस होना और बिना स्पष्ट कारण के वजन कम होना भी इस बीमारी की संकेत हो सकता है।

### क्या है इस बीमारी की वजह?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पल्मोनरी फाइब्रोसिस के कई मामलों में डॉक्टर यह पता नहीं लगा पाते हैं कि व्यक्ति को ये बीमारी क्यों हुई है। जब बीमारी का कारण पता नहीं चलता है, तो फाइब्रोसिस को ₹इडियोपैथिक₹ कहा जा सकता है। उस्ताद जाकिर हुसैन को भी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस की समस्या थी, जिसका मतलब है कि डॉक्टरों को उनमें बीमारी का स्पष्ट कारण पता नहीं था।

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों में इस बीमारी की फैमिली हिस्ट्री रही है या जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें आईपीएफ होने का जोखिम अधिक देखा जाता है। इसके अलावा वायरल संक्रमण, वायु प्रदूषण जैसी स्थितियां भी इसे बढ़ावा दे सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, धूम्रपान फेफड़ों की कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है।





### रजनीश, दिव्या, संजय और प्रमिला सहित कई ने टेटे में बाजी जीती

रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में केजरीवाल्स तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 21 दिसंबर को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक ने की तथा विशेष अतिथि प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक एवं मास्टर्स राष्ट्रीय खिलाड़ी विनय केजरीवाल एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम के अनुसार पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता -रजनीश ओबेराय (दुर्ग),उपविजेता- निशांत क़ानूगा




(रायपुर) 2-0 तृताय - शलेश डागा (रायपुर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 50) में विजेता-राजेश लुनिया (रायपुर), उपविजेता-राजेश अग्रवाल (रायपुर) 2-1 तृतीय - राजेश शेखर शर्मा (रायपुर महानगर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में विजेता - संजय लहेजा (बिलासपुर), उपविजेता-गिरिराज बागड़ी (रायपुर) 2-0 तृतीय- अरविंद कुमार शर्मा (रायपुर महानगर) पुरुष एकल (आयु वर्ग 65) में विजेता- के रविशंकर (बिलासपुर), उपविजेता- अजीत बेनर्जी (रायपुर) 2-0 तृतीय- एसव्ही पेंढारकर (रायपुर महानगर) पुरुष एकल (आयु वर्ग 70) में विजेता - केबी सिंह (रायपुर), उपविजेता-के वेंकट प्रसाद (बिलासपुर) 2-0 तृतीय - सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर) महिला एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता- दिव्या आमदे (रायपुर महानगर), उपविजेता- डा स्वाति बांठिया (रायपुर) 2-0, तृतीय - मोनिका दीवान (बिलासपुर) महिला एकल (आयु वर्ग 50) में विजेता प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर), उपविजेता- रेणुका सुब्बा (रायपुर) 2-1 तृतीय गीता पंडित (रायपुर) महिला एकल (आयु वर्ग 65) में विजेता ईरा पंत (रायपुर), उपविजेता- गौरी डे (बिलासपुर) 2-0 तथा तृतीय- सरबरी मोइत्रा (बिलासपुर) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रदीप जोशी एवं सहायक मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे, अभिनव शर्मा थे।

### जिला वॉलीबाल ट्रायल में शामिल हुए 100 से ज्यादा खिलाड़ी

**दुर्ग।** दुर्ग जिला और दुर्ग कार्पोरेशन वॉलीबॉल पुरुष और महिला टीम के लिए चयन ट्रायल एचवीसी वॉलीबॉल ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिले भर से 100 से अधिक खिलाड़ियों ने इस ट्रायल में भाग लिया। प्रत्येक समूह के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 12 खिलाड़ियों की अंतिम सूची में शामिल होने से पहले चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे। पुरुष टीम का प्रशिक्षण ब्राइट क्लब कोहका में होगा, जबकि महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर एचवीसी, भिलाई में होगा। वी।एन। सोनी और संतोष अग्रवाल महिला टीम के मुख्य कोच और सहायक कोच हैं, और परिवेश ठाकुर और शंकर लाल यादव पुरुष टीम के मुख्य कोच और सहायक कोच होंगे। इस अवसर पर उपस्थित थे एसएन नेमा, नईमुद्दीन हनफी, सुशांत डे, शंकर लाल यादव, विनोद नायर, जोजी मैथिव, राजेंद्र राय, राजेश धारकर, गुरचरण संधू, व्यास, संतोष अग्रवाल, राजेश मणि, श्रीमती मेघा कौर, संजय दानी, दीपक मित्रा, केसी राव, आरके दुबे, एनपी पांडेय, राजू कैमल, अमित, वीएन सोनी आदि शामिल हैं।



### साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन के लिए चुने गए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी


महेश कुमार


रिया तिवारी


चेतना साहू

**रायपुर।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं बिहार संघ के संयुक्त तत्वाधान में साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला का आयोजन पटना, बिहार में 27 से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से तीन खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन हुआ है। पुरुष वर्ग में महेश कुमार, भिलाई रिया तिवारी, कवर्धा एवं चेतना साहू दुर्ग का चयन हुआ है।

- पटना में 27 से 29 दिसंबर तक होगी बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप

यह खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से अपने खेल कौशल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में अपना स्थान बनाए हैं। तीनों खिलाड़ी 24 तारीख को साउथ बिहार एक्सप्रेस से भारतीय टीम में शामिल होने के लिए पटना रवाना होंगे। उनकी इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, श्यामल बनर्जी कोषाध्यक्ष, रेजी उन्नी अध्यक्ष बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब, टीवीएस रेड्डी सेक्रेटरी बीएसपी बाल बैडमिंटन क्लब, जीएल प्रसाद आदि ने शुभकामनाये दी है। रिया तिवारी ने नेशनल एवं जोनल प्रतियोगिता में कई पदक प्राप्त किए हैं, पिछले 10 सालों से सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## विंटर की ये सलाद की रेसिपीज करेंगी स्वाद को दोगुना, आप भी आजमाएं



सर्दियों में अगर आपका कुछ हैवी खाने का मन न हो तो आप सलाद खाकर पोषक तत्व भी ले सकते हैं और पेट भी भर सकते हैं। मौसमी सामग्री और स्वाद से भरपूर, ये सलाद आपको वॉर्म रखते है। आप पनीर खाना पसंद करते हों या फिर सैल्मन या चिकन इस मौसम में पौष्टिक सलाद की ये रेसिपीज आपको जरूर आजमानी चाहिए।

### सलाद बनाने का तरीका-

इसके लिए सबसे पहले पालक या केल के पत्तों को साफ कर लें। एक पैन गर्म करके उसमें थोड़ा ऑलिव ऑयल डालें। इसमें पालक डालकर नमक डालें और फिर 2 मिनट सॉते करें। पालक सॉते करके निकाल करें। इसी पैन चिकन डालकर ग्रिल करें और फिर उसमें पहले से भुना हुआ शकरकंद डालकर मिलाएं। जब चिकन और शकरकंद ब्राउनिश होने लगे, तो आंच बंद कर दें। एक प्लेट में पालक, चिकन, शकरकंद, बाल्समिक सिरका और काली मिर्च डालकर मिला लें। ऊपर से अनारदान डालकर इस पौष्टिक चिकन सलाद का मजा लें। आप चाहें तो इसके साथ मिक्स फ्रूट जूस या अपनी फेवरेट स्मूदी ले सकते हैं।

### हर्बी सैल्मन और आलू का सलाद

एक कटोरे में ड्रेसिंग बनाने के लिए दही, सरसों, नींबू का रस, धनिया के डंठल, नमक और काली मिर्च डालकर मिक्स करें।आलू को उबालकर कर मोटा-मोटा काट लें। सैल्मन को भी छोटे या मीडियम साइज में काटें। इसे आप हल्का-हल्का सॉते करें।उबले हुए आलू को ड्रेसिंग के साथ मिलाएं। इसमें फ्लेक्ड सैल्मन डालें और धीरे से मिलाएं।

### पनीर और पालक का सलाद बनाने का तरीका-

पालक को पहले थोड़ा ब्लांच कर लें। इसे फिर एक प्लेट में ट्रांसफर करें। एक पैन को गर्म करें और उसमें पहले तिल डालकर ड्राई रोस्ट कर लें। इसी पैन में तेल डालकर पनीर के टुकड़े डालें। ऊपर से नमक डालकर इसे दोनों ओर से सुनहरा कर लें।सर्विंग प्लेट पर पालक रखें। इसमें पनीर, तिल, ऑलिव ऑयल, सोया सॉस, नींबू का रस और चिली फ्लेक्स डालकर मिलाएं। प्रोटीन से भरपूर इस सलाद का मजा ब्रंच में लिया जा सकता है।

**कार्नर न्यूज**

#### 54वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का समापन हुगली में

# सीनियर पुरुष हैंडबॉल में छत्तीसगढ़िया टीम का शानदार प्रदर्शन, रोमांचक मुकाबले के बाद कांस्य

भिलाई। पश्चिम बंगाल हैंडबॉल संघ द्वारा हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 54वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन टेक्नो इंडिया स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, चिनसुराह, हुगली पश्चिम बंगाल में 15 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की 21 सदस्यीय पुरुष हैंडबॉल टीम ने भाग लिया।

उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को पूल में हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखण्ड के साथ रखा गया था। पूल मैचेस में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मुकाबले में हिमाचल प्रदेश को 50-34 गोलों से पराजित किया, छत्तीसगढ़ ने अपने दूसरे मैच में ओडिशा को 27-12 गोलों से पराजित किया तथा अपने तीसरे लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने झारखण्ड को 35-32 गोलों से पराजित कर प्री-क्वार्टरफईनल में प्रवेश किया। प्री क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला तेलंगाना के साथ खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ ने तेलंगाना को 27-12 गोलों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला कर्नाटक के साथ खेला गया। जिसमे छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 43-29 गोलों से पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला पश्चिम बंगाल के साथ हुआ जिसमे रोमांचक मुकाबले में एक्स्ट्रा टाइम में छत्तीसगढ़ की टीम पश्चिम बंगाल को 36-37 गोलों से



पराजित होकर कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा। छत्तीसगढ़ को राजस्थान के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया किया। पश्चिम बंगाल ने चंडीगढ़ को फाइनल मुकाबले में 27-21 गोलों से पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा किया। इस तरह प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक - पश्चिम बंगाल, रजत पदक - चंडीगढ़ एवं कांस्य पदक - छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान को प्रदान किया गया।

उपरोक्त प्रतियोगिता में परदीप (सीआईएसएफ, भिलाई), मंदीप (सीआईएसएफ, भिलाई), एस ब्रिटेन सिंह (सीआईएसएफ, भिलाई),मो आमिर हुसैन (सीआईएसएफ, भिलाई),मो निहाल (सीआईएसएफ, भिलाई), बासा महेश (सीआईएसएफ, भिलाई), मिथुन कुमार (सीआईएसएफ, भिलाई), संदीप (सीआईएसएफ, भिलाई), के कार्तिक कुमार (सीआईएसएफ, भिलाई), एम गौतम (दुर्ग जिला), नारायण साहू (दुर्ग जिला), आदित्य चंद्राकर (महासमुन्द जिला), सुमीत सिंह रामगढ़यिा (महासमुन्द जिला), अमन राजभर (दुर्ग जिला), मोहम्मद गनी (कबीरधाम जिला), तौसिफ इम्तियाज (बस्तर जिला), सुमित कुमार यादव (कबीरधाम जिला), लुकेश पटेल (दुर्ग जिला), प्रशिक्षक आनंद एनएस (सीआईएसएफ, भिलाई), एस प्रभाश (बीएसपी, भिलाई) और प्रबंधक विजय बहादुर है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चेयरमेन विनोद चंद्राकर एवं संस्था के अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु मिश्रा, उपाध्यक्ष इमरान अली, डी।एस। क्रिस्टोफर, आशीष यादव, बीएसपी हैंडबाल क्लब के अध्यक्ष बीडी बाबू (महाप्रबंधक प्रभारी, प्लांट गैरेज), सचिव अब्दुल रहीम, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के फाउण्डर मेंबर बशीर अहमद खान, छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के महासचिव समीर खान, सहसचिव बीडी करुपति, जितेन्द्र तिवारी, एस प्रभाष , कोषाध्यक्ष विजय बहादुर सहित छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण तथा विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाये दी है।

